अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिऐ : 9314505000 लॉग ऑन करें: www.chamaktarajasthan.com

RNI No. RAJHIN/2011/40950

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

# चमकता राजस्थान

Email- chamaktarajasthan8789@gmail.com | जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित | डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2022-23

जयपुर, गुरुवार, 17 अगस्त 2023 | वर्ष : 14 | अंक : 03 | पृष्ठ : 8 | दैनिक प्रातः कालीन | मूल्य : 1 रूपया




## मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना का कोटा में मंत्री धारीवाल ने किया शुभारंभ

### योजना अन्तर्गत जिले में 2 लाख 44 हजार होंगे लाभान्वित

**चमकता राजस्थान, कोटा।** राजस्थान सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत जिले के समस्त खाद्य सुरक्षा योजना लाभार्थी परिवारों के लिए ''मुख्यमंत्री निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना" मंगलवार स्वतंत्रता दिवस से प्रारम्भ की गई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से जुडकर वर्चुअल माध्यम से जिला मुख्यालय पर स्याम ऑडिटोरियम में कार्यक्रम हुआ, जिसके मुख्य अतिथि नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल थे। उन्होंने इस अवसर पर लाभार्थियों को योजना के अन्तर्गत निःशुल्क फूड पैकेट प्रदान किये। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार इस योजना में 1 करोड़ से अधिक परिवार को निःशुल्क फूड पैकेट प्रदान किये जायेंगे। ऐसी योजना और कहीं नही है। राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं अपने आप में अनूठी है।

इस अवसर पर महापौर मंजू मेहरा, राजीव अग्रवाल, खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता, बीसूका जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, समाजसेवी अमित धारीवाल, संभागीय आयुक्त प्रतिभा सिंह, कलक्टर ओपी बुनकर, एडीएम प्रशासन,शहर बृजमोहन बैरवा, उप निदेशक महिला एवं बाल विकास राजेश डागा,डीएसओ पुष्पा हरवानी, डीआर कॉपरेटिव गोविंद लढ्डा एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

***फूड पैकेट में मिलेगी यह सामग्री**-जिला कलक्टर ने बताया कि इस योजना में एनएफएसए के उन लाभार्थी परिवारों को जिन्होंने महंगाई राहत कैम्प में जनाधार के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाया है, को प्रतिमाह एक निःशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट उपलब्ध करवाया जाएगा जिसमें दाल एक किलो, चीनी एक किलो, नमक एक किलो, मिर्च पाउडर 100 ग्राम, धनिया पाउडर 100 ग्राम, हल्दी पाउडर 50 ग्राम तथा एक लीटर सोयाबीन रिफाइंड ऑयल प्रदान किया जाएगा। इनका वितरण उचित मूल्य की दुकानों से पोस मशीन के माध्यम से दो बार बायोमैट्रिक सत्यापन कर लाभार्थी परिवारों को उपलब्ध कराया जाएगा।

-फूड पैकेट पाकर मुस्कुराई लाभार्थी

जिला रसद अधिकारी श्रीमती पुष्पा हरवानी ने बताया कि इस योजना में जिले के 2 लाख 44 हजार लाभार्थी लाभान्वित होगे। समारोह में फूड पैकेट पाकर गांवडी निवासी खानी बाई ने कहा कि उनका गुजारा इस फूड पैकेट से हो जायेगा और किसी पर आश्रित नहीं रहना पडेगा। राधा कुमारी ने कहा कि वे किराये से रहती है। 4 सदस्यों वाले परिवार की कुल आमदनी 7-8 हजार रूपये हैं, ऐसे में निःशुल्क फूड पैकेट मिलने से बहुत राहत मिलेगी।

## राजस्थान: योजना भवन में भ्रष्टाचार के मामले में सचिवालय पहुंची ईडी की टीम


**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजस्थान के सचिवालय में अब ईडी पहुंची गई है। जयपुर के योजना भवन में अलमारी से मिले करोड़ों रुपए की नकदी और एक किलो सोने के मामले की जांच इस कार्रवाई का हिस्सा है। ED की टीम ने आज DOIT की शासन सचिव आनंदी को विभागीय जांच का पत्र सौंपा है।इससे पहले जयपुर में सचिवालय स्थित योजना भवन की सरकारी अलमारी से 2.31 करोड़ रुपए और एक किलो सोना मिलने के मामले में ईडी की टीम ने निलंबित DOIT जॉइंट डायरेक्टर वेद प्रकाश को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर कर लिया था। बता दें कि जयपुर के शासन सचिवालय के पीछे योजना भवन के आईटी कार्यालय में करोड़ों रुपए की नगदी और सोना मिलने के मामले में ईडी की राजस्थान में एंट्री हो चुकी है। इस मामले में ACB की कार्रवाई पूरी होने के बाद अब ईडी ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। ईडी ने वेद प्रकाश यादव को वापस गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे डिमांड पर भेजा था। अब ईडी की टीम जांच कर रही है कि करोड़ों रुपए की नकदी और सोना वेद प्रकाश का है या किसी और का। ईडी की एंट्री से राजस्थान में हलचल मची हुई है। वहीं कांग्रेस ईडी की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर हमले कर रही है। **वेद प्रकाश की भूमिका को जांच रही है ईडी**-सचिवालय के पीछे स्थित सरकारी कार्यालय में करोड़ों रुपए की नकदी और सोना मिलने के मामले में ईडी बाल की खाल निकालने में लगी हुई है। ईडी को आशंका है कि कहीं वेद प्रकाश को मोहरा तो नहीं बनाया गया। इस एंगल को लेकर ईडी बारीकी से जांच करने में जुटी हुई है।

# सुप्रीम कोर्ट ने जारी की हैंडबुक : कानूनी शब्दावली से बाहर हो जाएंगे 'छेड़छाड़', 'वेश्या' और 'हाउसवाइफ' जैसे शब्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

छेड़छाड़, वेश्या और गृहिणी जैसे शब्द जल्द ही कानूनी शब्दावली से बाहर हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने लैंगिक भेदभाव या असमानता दर्शाने वाले शब्दों के इस्तेमाल करने से बचने के लिए एक हैंडबुक लॉन्च किया है।

शब्दावली से बाहर हो जाएंगे यह शब्द -कानून शब्दावली में यौन उत्पीड़न, यौनकर्मी और गृहिणी जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया गया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बहस सुनने के लिए एकत्रित हुए। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट ने हैंडबुक को लॉन्च किया। सीजेआई ने कहा, ये शब्द अनुचित हैं और अतीत में न्यायाधीशों द्वारा इसका इस्तेमाल किया गया है। हैंडबुक का इरादा




आलोचना करना या निर्णयों पर संदेह करना नहीं, बल्कि केवल यह दिखाना है कि अनजाने में कैसे रूढ़िवादिता का उपयोग किया जा सकता है।

### अन्यायपूर्ण शब्दों की शब्दावली

इस हैंडबुक में लैंगिक अन्यायपूर्ण शब्दों की शब्दावली है। साथ ही इसमें वैकल्पिक शब्द और वाक्यांश सुझाए गए हैं जिनका इस्तेमाल किया जा सकता है। एक प्रेस विज्ञप्ति में शीर्ष अदालत ने कहा, हैंडबुक ऑन कॉम्बैटिंग जेंडर रूढ़िवादिता% का उद्देश्य न्यायाधीशों और कानूनी समुदाय के सदस्यों को महिलाओं के बार में रूढ़िवादिता को पहचानने, समझने और उसका मुकाबला करने के लिए सशक्त बनाना है। इसमें लैंगिक अन्यायपूर्ण शब्दों की एक शब्दाबली है और दलीलों, आदेशों और निर्णयों सहित कानूनी दस्तावेजों में इस्तेमाल के लिए वैकल्पिक शब्दों और वाक्यांशों का सुझाव है। हैंडबुक का लॉन्च न्यायसंगत समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह हैंडबुक 30 पन्नों की है। इस हैंडबुक में शब्द गलत क्यों हैं और वे कानून को और कैसे बिगाड़ सकते हैं, इसके बारे में भी बताया गया है।

### क्या है कोर्ट का उद्देश्य?

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि इस हैंडबुक को तैयार करने का मकसद किसी फैसले की आलोचना करना या संदेह करना नहीं, बल्कि यह बताना है कि अनजाने में कैसे रूढ़िवादिता की परंपरा चली आ रही है। कोर्ट का उद्देश्य यह बताना है कि रूढ़िवादिता क्या है और इससे क्या नुकसान है। ताकि कोर्ट महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल से बच सकें। इसे जल्द ही सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

लाल किले की प्राचीर से

## अगले चुनाव का एजेण्डा- परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से मुक्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार लाल क़िले की प्राचीर पर दसवीं बार तिरंगा फहराया। इतनी ज़्यादा बार लाल क़िले पर तिरंगा फहराने वाले वे तीसरे प्रधानमंत्री हो गए हैं। इसके पहले पंडित जवाहर लाल नेहरू ने सत्रह बार और श्रीमती इंदिरा गांधी ने सोलह बार (1966 से 77 और फिर 1980 से 84 तक) लाल क़िले पर तिरंगा फहराया था। मोदी ने इस बार परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से मुक्ति की अपील की। समझा जाता है कि ये तीनों शब्द उन्होंने कांग्रेस पार्टी के लिए ही इस्तेमाल किए हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस मुक्त भारत के अपने नारे को ही इस बार उन्होंने दूसरे अंदाज में कहा है। सब जानते हैं भ्रष्टाचार और घोटाले सबसे ज़्यादा कांग्रेस के शासनकाल में ही उजागर हुए। परिवारवाद भी सर्वाधिक कांग्रेस के वक्त ही चला। इसी तरह तुष्टिकरण को भी कांग्रेसी सत्ताओं ने ही पोषित किया।सही है, वर्षों तक परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने के कारण ही कांग्रेस आज सत्ता से दूर है और मतदाताओं की पहली पसंद भी अब वह नहीं रह गई है। पिछले दस साल से तो यही देखने को मिल रहा है। आगे क्या होगा, यह नहीं कहा जा सकता। बहरहाल, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से मुक्ति का मंत्र देकर एक तरह से मोदी ने अगले लोकसभा चुनाव का एजेण्डा भी तय कर दिया है। हालाँकि, मोदी के इस बार के भाषण को प्रधानमंत्री का भाषण कम, और एक भाजपा नेता का भाषण ज्यादा माना जा रहा है। अपने भाषण में जब उन्होंने कहा कि अगली बार भी लाल क़िले पर तिरंगा मैं ही फहराऊँगा तो



राजनीतिक हल्के में यह बात एक अतिशयोक्ति मानी जा रही है। लोगों का कहना है कि विनम्रता दिखाते हुए मोदी को यह कहना था कि जनता का आशीर्वाद रहा तो अगली बार भी तिरंगा मैं ही फहराऊँगा।कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खडगे का कहना है कि यह मोदी का दम्भ बोल रहा है। हालाँकि, मोदी के भाषण की निंदा करने वाले खडगे खुद लाल क़िले पर नहीं पहुँच पाए। जब चर्चा चली कि शायद खडगे ने स्वतंत्रता दिवस समारोह का बहिष्कार किया है तब जाकर कांग्रेस की तरफ़ से जवाब आया कि चूँकि कांग्रेस कार्यालय में भी तिरंगा फहराना था। इसलिए खडगे लाल क़िले वाले समारोह में नहीं आ पाए।हालाँकि, पार्टी का यह जवाब भी लोगों के गले नहीं उतरा। वैसे दम्भ खडगे और राजद सुप्रीमो लालू यादव के कथन में भी दिखा। इन दोनों ने कहा कि अगली बार मोदी लाल क़िले पर तिरंगा नहीं फहरा पाएँगे। तिरंगा अब उन्हें अपने घर पर ही फहराना पड़ेगा। मोदी ने अपने भाषण में सरकार की उपलब्धियाँ गिनाने के साथ कुछ घोषणाएं भी कीं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण और बड़ी घोषणा यह रही कि जो लोग शहरों में किराए के मकान में रहते हैं, उन्हें अपना घर बनाने या ख़रीदने के लिए सस्ती दर पर बैंक लोन मिलेगा। शहरों में किराए पर रहने वाले परिवारों की यह आज भी सबसे बड़ी ज़रूरत है। हालाँकि, प्रधानमंत्री ने फ़िलहाल यह नहीं बताया कि ऐसे लोगों को ब्याज में कितने प्रतिशत की राहत मिलेगी।

भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

## पीएम मोदी, अमित शाह सहित 15 बड़े नेता पहुंचे

### पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर हुई बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति (CEC) की बैठक नई दिल्ली स्थित हेडक्वार्टर पर बुलाई गई है। मीटिंग में इस साल के अंत में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर बात होगी। बैठक में PM मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित सभी 15 CEC मेंबर्स पहुंच चुके हैं।साल के अंत तक 5 राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव होने वाले हैं। पार्टी इसी की तैयारी में जुट गई है। सूत्रों ने बताया कि बैठक में कमजोर सीटों पर पार्टी को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में कैंडिडेट्स तय करने और प्रचार रणनीति पर भी चर्चा होने की संभावना है। पार्टी ने उन सीटों की एक सूची तैयार की है जिन पर उसे लगता है कि ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। **राज्य नेतृत्व से लेंगे फीडबैक**-सूत्रों ने कहा कि पार्टी का राज्य नेतृत्व केंद्र सरकार की वेलफेयर स्कीम्स को लोगों तक पहुंचने सहित जमीनी स्तर पर किए जा रहे कामों की जानकारी देगा।बैठक में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष वीडी शर्मा और अन्य प्रमुख नेता शामिल होंगे। इस साल के अंत में जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, उनमें से केवल मध्य प्रदेश में ही ? BJP सत्ता में है। आमतौर पर BJP अपने उम्मीदवारों की घोषणा तभी करती है, जब संबंधित राज्य में आचार संहिता लग जाती है और चुनाव की तारीखों का एलान हो जाता है। सूत्रों के मुताबिक मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में BJP का कैडर बहुत मजबूत है, लेकिन बैठक में ऐसी सीटों पर विशेष रणनीति के तहत उम्मीदवारों का समय से पहले ही चयन करने पर बात हो सकती है। पार्टी यहां कैंडिडेट्स पर बात कर सकती है, जिससे इन सीटों पर तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा। बुधवार को होने वाली मीटिंग में माना जा रहा है कि मध्यप्रदेश की करीब 60 से 70 और छत्तीसगढ़ की करीब 30 से 40 सीटों पर बात होगी। मध्य प्रदेश में BJP की सरकार है, लेकिन पिछले चुनाव की तरह परिणाम ना रहे, इसलिए भी भाजपा ने नई रणनीति के तहत उम्मीदवारों पर समय से पहले मंथन करने का निर्णय लिया है।

## पूर्व पीएम अटल बिहारी की पांचवीं पुण्यतिथि

### राष्ट्रपति मुर्मू, मोदी और शाह ने श्रद्धांजलि दी, पीएम बोले- देश को 21वीं सदी में ले जाने में उनकी अहम भूमिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आज पांचवीं पुण्यतिथि है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सदैव अटल स्मृति स्थल जाकर वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत तमाम नेता उपस्थित रहे। उन्होंने भी पूर्व पीएम को नमन किया। मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा, अटल बिहारी ने देश के विकास को गति देने में बड़ी भूमिका निभाई है। वाजपेयी के नेतृत्व में देश को बहुत लाभ मिला है। वह 21वीं सदी में देश को आगे ले गए। विलक्षण अटल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने में 140 करोड़ भारतीयों के साथ हूं।

**2018 को दिल्ली में हुआ था अटल बिहारी का निधन**-1924 में ग्वालियर में जन्मे, अटल बिहारी वाजपेयी दशकों तक भाजपा का बड़ा चेहरा थे और पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे जिन्होंने बतौर PM कार्यकाल पूरा किया। वाजपेयी 16 मई 1996 से 1 जून 1996 तक और फिर 19 मार्च 1998 से 22 मई 2004 तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने 1977 से 1979 तक प्रधानमंत्री मोराजी देसाई के मंत्रिमंडल में भारत के विदेश मंत्री के रूप में भी काम किया। 16 अगस्त 2018 को दिल्ली के एम्स अस्पताल में उनका निधन हो गया।

## भारत को 2024 तक अमेरिका से मिलेंगे 6 अपाचे हेलिकॉप्टर

### एक मिनट में 128 टारगेट हिट करेगा, एडवांस मिसाइल से लैस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी एयरक्राफ्ट मेकर कंपनी बोइंग ने भारतीय सेना के लिए 6 अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर्स का प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। बोइंग ने साल 2020 में इंडियन एयर फोर्स को AH-64E मॉडल के 22 अपाचे हेलिकॉप्टर डिलीवर किए थे। इसके बाद भारतीय सेना ने बोइंग कंपनी से छह अतिरिक्त हेलिकॉप्टर बनाने का समझौता किया। इसमें पहले अपाचे हेलिकॉप्टर का प्रोडक्शन शुरू हो गया है। सभी हेलिकॉप्टर की डिलीवरी 2024 तक होनी है। इन हेलिकॉप्टर्स का निर्माण अमेरिका के एरिजोना में हो रहा है। एएच 64ई अपाचे दुनिया का सबसे एडवांस मल्टी काम्बैट हेलिकॉप्टर है। इनमें हाईक्वालिटी नाइट विजन सिस्टम है, जिससे दुश्मन को अंधेरे में भी ढूंढा जा सकेगा। यह मिसाइल से लैस है और एक मिनट में 128 लक्ष्यों पर निशाना साध सकता है। इसमें भारी मात्रा में हथियार ले जाने की क्षमता है। 280 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से उड़ान भर सकता है। हेलिकॉप्टर में 16 एंटी टैंक एजीएम-114 हेलफायर और स्ट्रिंगर मिसाइल लगी होती है। हेलफायर मिसाइल किसी भी आर्मर्ड व्हीकल जैसे टैंक, तोप, बीएमपी वाहनों को पलक झपकते ही ध्वस्त कर सकती है। वहीं स्ट्रिंगर मिसाइल हवा से आने वाले किसी भी खतरे का सामना करने में सक्षम है। इसके साथ ही इसमें हाइड्रा-70 अनगाइडेड मिसाइल भी लगी होती हैं जो जमीनी टारगेट को तबाह कर सकती हैं।

## जयपुर में हुई बरसात, तापमान में गिरावट;14 जिलों में बारिश का अलर्ट

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** जयपुर में रुक-रुककर बारिश हुई। बारिश से तापमान में गिरावट होने के साथ ही मौसम सुहाना हो गया है। जयपुर के अलावा राजस्थान के 13 से ज्यादा जिलों में आज बरसात होने के आसार हैं।मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी भारत में सक्रिय हुए नए वेदर सिस्टम का असर राजस्थान में भी नजर आएगा। इससे अगले 24 घंटों में राज्य में पानी बरसने की संभावना है।राजधानी जयपुर में बुधवार सुबह से ही मौसम बदला है। सुबह-सुबह बादल छाए और फिर बारिश-बूंदाबांदी होने लगी। इस रिमझिम से तापमान में करीब 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है।

**आज इन जगहों पर बारिश के आसार**-जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार अगले 24 घंटे में जयपुर, अलवर, भरतपुर, टोंक, दौसा, करौली, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, झुंझुनूं, सीकर और धौलपुर जिले में मेघगर्जन के साथ बारिश का अलर्ट है। इसके साथ ही पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर और उदयपुर जिलों में भी हल्की बारिश हो सकती है। **दो दिन बाद से मौसम हो जाएगा साफ**-जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- अगले 48 घंटे तक प्रदेश के कई इलाकों में हल्की और मध्यम बारिश होने की संभावना है। 18 अगस्त से एक बार फिर एक सप्ताह के लिए मौसम साफ हो जाएगा क्योंकि बंगाल की खाड़ी में कोई नया लो प्रेशर सिस्टम डेवलप नहीं हो रहा है। इसके साथ ही मानसून की ट्रफ लाइन भी हिमालय की तरफ है। इसकी वजह से हिमाचल, उत्तराखंड जैसे राज्यों में जहां भारी बारिश हो रही है वहीं, राजस्थान समेत मध्य भारत के कई राज्यों में मानसून पहले के मुकाबले कमजोर पड़ गया है। राजस्थान में मानसून की अब तक की स्थिति देखें तो औसत से 34 फीसदी ज्यादा बरसात हो चुकी है। 1 जून से 15 अगस्त तक राज्य में 294.3रूरूबारिश होती है जबकि इस सीजन में अब तक 395.2रूरू बरसात हो चुकी है। सबसे ज्यादा बरसात सिरोही, जालोर, राजसमंद, पाली जिलों में रिकॉर्ड की गई।

# सीएम गहलोत ने बुजुर्ग से कहा- नेता बन गई हो बुजुर्ग बोलीं- आप लोगों के पीछे नेता बनना ही पड़ेगा

**चमकता राजस्थान, जयपुर ।** सीएम अशोक गहलोत ने फ्री राशन किट योजना की लॉन्चिंग के मौके पर बीजेपी को निशाने पर लिया। गहलोत ने कहा- बीजेपी हमारी जनकल्याणकारी योजनाओं को रेवड़ियां बताकर लाभार्थी आम लोगों की बेइज्जती कर रही है। सोशल सिक्योरिटी रेवड़ी नहीं है, यह जरूरत है। वहीं, इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 50 हजार वॉलंटियर्स भर्ती का भी ऐलान किया।फ्री राशन किट योजना की लॉन्चिंग के बाद सीएम अशोक गहलोत ने जिलों में चुनिंदा लोगों से बातचीत की। सीएम ने गंगानगर जिले में सादुलशहर की रहने वाली कृष्णा देवी से वीसी के जरिए लंबी बातचीत की।कृष्णा देवी ने सीएम को सरकार की सारी योजनाओं के बारे में बताया। कहा- फ्री तीर्थयात्रा योजना में हवाई जहाज में बैठकर नेपाल के काठमांडू जाकर आई। हम जिस प्लेन के पास में नहीं खड़े हो सकते थे, उसमें बैठने का मौका मिला, उसकी बहुत खुशी है।

**बुजुर्ग बोली- प्लेन में दो सीट खाली थी मैंने सोकर भी देखा, बिल्कुल झटका नहीं लगा**-कृष्णा देवी से सीएम ने कहा- अच्छा तो आप पशुपतिनाथ के दर्शन करके आई हैं। इस पर कृष्णा ने कहा- हवाई जहाज में बैठकर बहुत अच्छा लगा, बिल्कुल महसूस ही नहीं हुआ। आप यूं ही बने रहना। हमें



जिंदगी भर ऐसे ही संभालते रहना। आप तो यही काम करते रहना। इस पर गहलोत ने कहा- अच्छा लगा कि आप तीर्थ यात्रा करके आए हो। कृष्णा ने कहा- मुझे जहाज पर चढ़ने की बहुत ही खुशी है।

गहलोत ने कहा- हम एक लाख लोगों को तीर्थयात्रा पर भेज रहे हैं। कृष्णा ने कहा- हम तो जहाज को हाथ भी नहीं लगा सकते थे, आपने जहाज में बैठने का मौका दे दिया, इससे बड़ी बात और क्या होगी? मेरी 16 नंबर की सीट थी। पास में दो सीट खाली पड़ी थी, मैंने तो सोकर भी देखा, बिल्कुल झटका नहीं लगा। मुझे बहुत खुशी हुई।श्रीगंगानगर के सादुलशहर की कृष्णा देवी ने सीएम अशोक गहलोत को सरकार की फ्री तीर्थयात्रा योजना में पहली बार प्लेन में बैठने का अनुभव सुनाया। कृष्णा देवी की हाजिर जवाबी और बेबाकी पर कई बार ठहाके भी लगे।

**गहलोत बोले- आप तो नेता बन गई हो, बुजुर्ग बोलीं- आपके पीछे नेता बनना पड़ता है**-कृष्णा देवी ने एक-एक करके सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा- पेंशन, बीमा, राशन सब मिल रहा है। सीएम ने जब योजनाओं के बारे में पूछा तो सब बता दिया। इस पर सीएम ने कहा कि आपको तो पूरी जानकारी है।

कृष्णा देवी ने कहा- जानकारी तो आपके जहाज में भेजने से मुझे पूरी हो गई है। बोलने की भी जानकारी हो गई। गहलोत ने कहा- आप तो पूरी नेता बन गई हो।

इस पर कृष्णा देवी ने कहा- आप नेता हो तो हमें आपके पीछे नेता बनना ही पड़ेगा। आपकी सरकार ऐसे ही चलनी चाहिए। इस पर सीएम ने कहा- आप लोगों का आशीर्वाद है, हम अच्छा काम करेंगे।

**योजनाएं गरीब तक नहीं पहुंचती, इसलिए महंगाई राहत कैंप लगाए**-सीएम अशोक गहलोत ने कहा- संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों में क्या कहा गया है, उसमें सब भावना आ जाती है। हम उसी के मुताबिक फैसले कर रहे हैं।महंगाई राहत शिविर क्यों लगाने पड़े, वो इसलिए लगाने पड़े क्योंकि योजनाएं गरीब और गांव तक पहुंचती ही नहीं हैं।कितना ही प्रचार कर लो, लेकिन योजनाएं गरीब तक नहीं पहुंचती, फिर बजट का मतलब क्या रह जाता है। इसलिए हमने इस बार कैंप लगाने का प्रयोग किया। कैंपों में जाकर लोगों ने गारंटी कार्ड लिए।सीएम अशोक गहलोत ने 15 अगस्त से अन्नपूर्णा फ्री फूड पैकेट योजना लॉन्च की है।

## दिग्विजय बोले- बजरंग दल पर प्रतिबंध नहीं लगाएंगे

### इसमें कुछ अच्छे लोग भी हैं; कर्नाटक में कांग्रेस के घोषणा पत्र में थी बैन की बात

**भोपाल।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा- अगर मध्य प्रदेश में कांग्रेस विधानसभा चुनाव जीती तो हम बजरंग दल पर प्रतिबंध नहीं लगाएंगे। बजरंग दल में कुछ अच्छे लोग भी हो सकते हैं, लेकिन हम दंगों या हिंसा में शामिल किसी को भी नहीं छोड़ेंगे।मध्य प्रदेश में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बजरंग दल को बैन करने की बात कही थी। जिसको लेकर देशभर में बीजेपी और बजरंग दल के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कर्नाटक में सभा के दौरान कहा था कि यह वही कांग्रेस है, जिसने पहले श्रीराम को ताले में बंद किया.. अब बजरंग बली को बंद करने की बात कह रहे हैं।दिग्विजय सिंह बुधवार को भोपाल में माता मंदिर चौराहे पर अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे थे। मीडिया ने हिंदुत्व को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा- मैं प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने भारतीय संविधान की शपथ ली है या हिंदू राष्ट्र की। हिंदू राष्ट्र के बयान पर कमलनाथ को घेरने की बीजेपी की कोशिशों पर दिग्विजय बोले- कमलनाथ का बयान मीडिया ने गलत तरीके से बताया है। कमलनाथ ने कभी इस बारे में बात नहीं की, जो आप लोग और भाजपा कह रही है।

# भारत विकास परिषद मुख्य शाखा बाड़ी स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया




चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट बाड़ी उपखंड में भारत विकास परिषद मुख्य शाखा में देशभक्ति संस्कार के तहत भारत विकास परिषद मुख्य शाखा बाड़ी द्वारा आयोजित कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त मंगलवार को सुबह कृषि उपज मंडी के सामने क्वालिटी स्टोन कंपनी पर मनाया गया इस कार्यक्रम में परिषद के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपना सहयोग दिया ।एवं ध्वजारोहण अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग द्वारा ठीक समय 8:30 बजे किया गया अध्यक्ष द्वारा उद्बोधन में आजादी के बलिदान एकता और निर्भयता को याद रखते हुए आजादी के 77 वें दिवस पर तिरंगा की आन वान शान के लिए संकल्पित किया रीजनल संयुक्त महासचिव शिवदयाल मंगल द्वारा एवं सचिव महोदय द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया परिषद के आगामी कार्यक्रमों के बारे में में भी चर्चा की गई कार्यक्रम पश्चात सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई देशभक्ति गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया


# आजादी के अमृत महोत्सव 77 वें स्वतंत्रता दिवस पर सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा कार्यालय ध्वजारोहण



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट सहकारिता प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय बसेड़ी रोड बाड़ी स्थित सभी भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नागरिक बंधुओं ने ध्वजारोहण किया। तथा भारत माता की जय - जय कार वोली , हिन्दुस्तान जिंदाबाद , देश के अमर शहीदों की जय के उदघोष से पूरा कार्यालय गूंज उठा तथा ध्वजारोहण के पश्चात सभी देश राष्ट्रगान गाया। ध्वजारोहण के समय ज़िला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा विष्णु सिंघल (सनौरा वाले), जिला उपाध्यक्ष भाजपा दिनेश बगथरीया, मंडल अध्यक्ष बाड़ी दिनेश मामा, मंडल अध्यक्ष आंगई दशरथ सिंह परमार,नरेश यादव, सकील कुरैशी, रामचरण कुशवाह, किसान मोर्चा महामंत्री संतोष शर्मा प्रधान, रामकुमार कुशवाह , विजय गर्ग डेयरी वाले, बूथ अध्यक्ष मनोज कोली, दीनदयाल कोली , रविन्द्र सिंह गुर्जर, विद्याराम मीना , शुभम गर्ग, अंकित शर्मा ,नीलेश भारद्वाज, आकाश गर्ग , बंटी मीना, भंवर मीना,समस्त नागरिक बंधु उपस्थित रहे।।

# यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी धौलपुर के ब्रांच मैनेजर द्वारा किया गया ध्वजारोहण





चमकता राजस्थान

धौलपुर स्वतंत्र दिवस के मौके पर यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस धौलपुर के ब्रांच मैनेजर दयाराम मीणा द्वारा ब्रांच में ध्वजारोहण किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैनाराम डीएम मंडलीय प्रबंधक भरतपुर, बशिष्ठ अतिथि रोहिताश खंडेलवाल डिप्टी मैनेजर भरतपुर का स्वागत ब्रांच मैनेजर दया राम मीणा धौलपुर पुष्पेंद्र सिंह मीणा धौलपुर, भवनेश राजपूत सर्वेयर भरतपुर, अमित झा सर्वेयर धौलपुर, गौरव सिंह सर्वेयर धौलपुर, संजय चतुर्वेदी इनवेस्टीकेशन कर्ता, मुरारी लाल शर्मा, नारायण चौधरी, सहदेव, व ब्रांच के सभी कर्मचारी गण व यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड शाखा धौलपुर के सभी अभिकर्ता गाणों के द्वारा साफा, पुष्पमाला, गुलदस्ता एवं साथ में स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया।

# जीवन उत्थान फाउंडेशन के तत्वावधान में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन!




चमकता राजस्थान

हर वर्ष की भाती फाउन्डेशन के द्वारा दिनाक 13 अगस्त 2023 को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन सत्संग भवन गणेश मंदिर खिरणी फाटक पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर हाथोज धाम से स्वामी बालमुकुंद आचार्य जी महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित करके शिविर का शुभारंभ किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक सी ए अशोक शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर 163 रक्त यूनिट्स का संग्रहण जनाना अस्पताल ब्लड बैंक एवं शांति ब्लड बैंक के द्वारा किया गया। शिविर में चौमू विधायक रामलाल शर्मा, विद्याधर नगर कांग्रेसी प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल, झोटवाड़ा से जनसेवक आशु सिंह सूरपुरा, अखिल भारतीय बागड़ा ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष बद्री नारायण बागड़ा, पूर्व पार्षद महादेव शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि रहे। संस्थान के अध्यक्ष ताराचंद शर्मा उपाध्यक्ष श्याम बागड़ा कोषाध्यक्ष अंकित खंडेलवाल ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र हेलमेट से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के स्पॉन्सर वेलवु सीसीटीवी रहे। इस अवसर पर के आर शर्मा, अखिल भारतीय बागड़ा ब्राह्मण महासभा के उपाध्यक्ष गोपाल बागड़ा, ग्यारसी लाल शर्मा, आरपीएस कैलाश शर्मा, एडवोकेट बलराज शर्माराकेश मेहता, कल्याण सहाय शर्मा सी ए लोकेंद्र सिंह, सुरेश शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फ्रेंड क्लब क्रिकेट चैंपियनशिप कप सीरीज का हुआ आयोजन



चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह) कॉलेज मैदान में फ्रेंड क्लब क्रिकेट प्रतियोगिता फाइव डे चैंपियनशिप कप का दूसरा मैच का आयोजन किया गया। मैच 30 ओवर का खेला गया। जिसमें सेकंड टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेकर 128 रन बनाकर दूसरी प्रतियोगी टीम को लक्ष्य रखा। वही फर्स्ट टीम ने 18 ओवर में जीत हासिल की। क्रिकेटर विष्णु ने 61रन बनाकर सर्वाधिक पारी खेली वही धोनी ने 4 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच लेने में विजेता रहे। इस मैच में जुगनू, भीम, अमन, ने दो दो विकेट लिए।

विष्णु, छोटू, रवि, भूरा शुभम ने एक एक विकेट लिए।

# डीग पुलिस की बड़ी कार्रवाई : गढी मेवात से 93 लाख कीमती चोरी के 186 लैपटॉप बरामद कर हरियाणा पुलिस को सौंपे



चमकता राजस्थान

भरतपुर 16 अगस्त। थाना खेडकी दौला गुरुग्राम हरियाणा से चोरी किए गए 186 लैपटॉप को बरामद कर जिले की डीग थाना पुलिस की टीम ने अग्रिम कार्रवाई के लिए क्राइम ब्रांच पालम विहार गुरुग्राम टीम को सुपुर्द किया है। आरोपी के यहां से बरामद किए गए लैपटॉप की कीमत करीब 93 लाख रुपए है।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि थाना खेड़की दौला जिला गुरुग्राम में 186 लैपटॉप चोरी होने की घटना दर्ज हुई थी। इस पर क्राइम ब्रांच पालम विहार के एएसआई शास्त्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम भरतपुर आई। आरोपियों की तलाश और गिरफ्तारी के लिए सीओ आशीष कुमार प्रजापत के नेतृत्व में एसएचओ खोह, सीकरी, डीएसटी व क्यूआरटी से टीम गठित की गई।

हरियाणा पुलिस और भरतपुर पुलिस की टीम ने आरोपियों की तलाश में थाना खोह इलाके के गांव गढ़ी मेवात में दबिश दी। दबिश के दौरान गफ्फार मेव पुत्र जुहरु के घर से चोरी किए गए 186 लैपटॉप बरामद किए गए। चोरी के लैपटॉप हरियाणा पुलिस को सौंप दिए गए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर जिला पुलिस द्वारा दबिश दी जा रही है।

# अपैक्स बैंक व राजफैड प्रशासक ने किया झंडारोहण



चमकता राजस्थान

जयपुर, 16 अगस्त। प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता एवं अपैक्स बैंक व राजफैड कि प्रशासक श्रीमती श्रेया गुहा मंगलवार को स्वाधीनता दिवस के अवसर पर अपैक्स बैंक परिसर में प्रातः 8:00 बजे एवं राजफैड परिसर में प्रातः 8:30 बजे झंडारोहण किया।

इस अवसर पर राजफैड के प्रबंध निदेशक श्री मेघराज सिंह रतनू, अपैक्स बैंक के प्रबंध निदेशक श्री भोमाराम एवं अपैक्स बैंक व राजफैड के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इस मौके पर सभी को मिष्ठान्न वितरित किया गया।

# सहकार भवन में रजिस्ट्रार ने किया ध्वजारोहण



चमकता राजस्थान

जयपुर, 16 अगस्त। सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार श्री मेघराज सिंह रतनू ने मंगलवार को स्वाधीनता दिवस के अवसर पर प्रातः 8.00 बजे नेहरु सहकार भवन पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सहकारिता विभाग, राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय सहकारी संस्थाओं के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस मौके पर सभी को मिष्ठान्न वितरित किया गया

## चिंतन

# लाल किले से राष्ट्र के नए 'विजन' की तस्वीर

लाल किले से अपने संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी इस बार अलग अंदाज में दिखे। प्यारे देशवासियों के बजाय 140 करोड़ 'परिवारजन' शब्द का प्रयोग किया। 77वें स्वतंत्रता दिवस के मौक़े पर प्रधानमंत्री के रूप में दसवीं बार लाल क़िले से भाषण देते हुए मोदी ने परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से मुक्ति की अपील की। पीएम ने राजनीति में परिवारवाद पर चोट करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, भारत के सामने खड़ी चुनौतियों पर बात की और देश के भविष्य का विजन रखा। अगले लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का यह लाल किले से अंतिम भाषण था, इसलिए काफी अपेक्षाएं थीं। पीएम ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बहुत सारी ऐसी बातें कहीं, जिसकी जमीनी हकीकत से कोई मेल नहीं है। लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री राष्ट्र के लिए संबोधन करते हैं, उसमें न राजनीति की कोई जगह होती है और ना ही अति आत्मविश्वास की। राष्ट्र के नाम संदेश में राजनीतिक संदेश देना उचित नहीं है। विपक्ष पर परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के लिए राजनीतिक प्रहार के लिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर से बचा जा सकता था, ऐसे ही 'अगली बार भी यहीं खड़े होकर भाषण देंगे', जैसे अति आत्मविश्वास वाले शब्दों से बचा जा सकता था। इस तरह की चीज़ पहले कभी नहीं हुई। वर्ष 2024 में जनता को तय करना है कि स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से कौन संबोधित करेंगे? इस बार का भाषण बहुत लंबा भी था, 90 मिनट का था, इसे शॉर्ट किया जा सकता था। भ्रष्टचार के खिलाफ समदृष्टि से निष्पक्ष होकर काम करने की जरूरत है। केवल विपक्ष के भ्रष्टाचार ही नहीं, वरन सरकार के अंदर और गठबंधन की राजनीति के अंदर के 'भ्रष्टाचारी' के प्रति भी जीरो टॉलरेंस जरूरी है। हाल ही में आई सीएजी की रिपोर्ट ने कई घोटालों का ज़िक्र किया है। बेरोजगारी देश की बड़ी समस्या है, इसलिए राजेगार सृजन पर लाल किले से रोडमैप पेश किया जाना चाहिए था। भारत को अगर 2047 में विकसित राष्ट्र बनाना है तो सभी रोजगार आकांक्षी नागरिकों को आर्थिक गतिविधियों की धारा में समाहित करना होगा। गरीबी को लेकर भी विरोधाभासी आंकड़े हैं। लाल किले से कहा गया कि पिछले दस साल में 13 करोड़ लोग गरीबी से निकले। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक करीब 22 से 26 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं, कोरोना के दौरान करीब 30 करोड़ लोग गरीब हो गए। सरकार खुद ही कह रही है कि करीब 82 करोड़ लोगों को पांच किलो मुफ्त अनाज दिया गया। इन सब आंकड़ों से देश में गरीब की असली संख्या का पता नहीं चलता है। सरकार को गरीबी के ताजा आंकड़े जारी करने चाहिए। देश ने आर्थिक प्रगति की है, अर्थव्यवस्था साढ़े छह फीसदी की दर से बढ़ रही है, पर यह ग्रोथ रेट काफी नहीं है। अगले 25 साल में विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए लगातार करीब 13 फीसदी की दर से ग्रोथ करनी होगी। इसलिए आर्थिक सुधार के अगले चरण में जाना होगा। डिजिटल सेक्टर, साइंस, स्पेस, वैकल्पिक ऊर्जा, फार्मा आदि में भारत तेजी से प्रगति कर रहा है। कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार जरूरी है। पीएम ने विश्वकर्मा योजना का ऐलान किया और अगले ही दिन इसे कैबिनेट की मंजूरी मिल गई। सौ शहरों में इलेक्ट्रिक बस चलाने की योजना भी अच्छा मूव है। पीएम ने विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाया है, इसे जमीनी हकीकत बनाने में सभी देशवासियों का योगदान आवश्यक है। देश के सामने सामरिक चुनौतियां हैं, इसे मोदी सरकार बेहतर तरीके से टेकल कर रही हैं। देश में सामरिक मजबूती आई है। इस बार के संबोधन में जहां चुनावी तड़का था, वहीं भविष्य के भारत की तस्वीर भी थी। विभाजनकारी राजनीति का अंत भी जरूरी है और सबका विश्वास जीतना भी जरूरी है।

## विचार

ऋतुपर्ण दवे



# लालकिले से प्रधानमंत्री की मन की बात

लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस बार का उद्बोधन काफी अलग था, बल्कि यूँ कहें कि नए मिजाज और नए रिवाज साथ के साथ मन की बात तो गलत नहीं होगा।हर बार से अलग'परिवारजनों' शब्द बोलकर शुरुआत कर इतना संकेत तो दे दिया था कि वो न केवल अलग बोलेंगे बल्कि ऐसा जिसके राजनीतिक मायने बहुत गहरे होंगे। वही हुआ। अपनी सरकार की उपलब्धियों का खाका खींचते हुए बड़ी बेबाकी से 2014 से अब तक के सफर पर प्रकाश डाला। मणिपुर का भी जिक्र कर जताया कि वो भी उतने चिंतित हैं जितने दूसरे। युवाओं का कई बार जिक्र कर भरोसा जताते हुए कहा दुनिया में भारत अकेला ऐसा देश है जहां 30 वर्ष के युवा जनसंख्या में अधिक हैं,यही हमारी ताकत हैं। इनकी कोटि-कोटि भुजाएं और मस्तिष्क की क्षमताएँ देश को दुनिया में अलग स्थान देने तत्पर है। विश्व इन प्रतिभाओं से चकित है क्योंकितकनीक के दौर में इनके टेलेण्ट से हम दुनिया में नई भूमिका में होंगे। महानगरों से लेकर दूर-दराज छोटे कस्बों में भी डिजिटल इण्डिया की धूम युवाओं के कमाल से है। प्रधानमंत्री को सुनने भारत के सीमावर्ती इलाकों के 600 गांवों के प्रधान भी आमंत्रित थे जिनका जिक्र करते हुए कहा कि जो कभी सीमावर्ती गांव होते थे आज वो पहली पंक्ति के हैं। ऐसा बदलाव बड़ी इच्छा शक्ति से संभव हो पाया है। गठित नए मंत्रालयों की जरूरतबताते हुएकहा कि इससे कैसे-कैसे परिवर्तनऔर बेहतरी होगी। घर-घर पेयजल, पर्यवारण में सुधार के साथ मत्स्य पालन, पशु पालन, डेयरी उद्योग की बेहतरी होगी। सहकारिता मंत्रालय से अलग-अलग तबकों कोफायदा होगा।जब उनकी सरकार 2014 में सत्ता आई थी तब दुनिया में हमारी वैश्विक अर्थव्यवस्थादसवें क्रम पर थी, आज पांचवें पर है। हरित ऊर्जा, सौर्य ऊर्जा, वंदेभारत-बुलेट ट्रेन, बेहतर सड़कें, इलेक्ट्रिक बसें, 5-जी, क्वांटम कंप्यूटर, नैनो यूरिया, जैविक खेती उपलब्धियां हैं।उन्होंने बड़े आत्मविश्वास से कहा जिसका हम शिलान्यास करते हैं उसका उद्घाटन भी करते हैं। बड़ा सोचना और दूर का सोचना हमारी कार्यशैली है। 200 करोड़ वैक्सीनेशन पूरा करने का सामर्थ्य दुनिया के लिए उदाहरण है। 75 हजार अमृत सरोवर की कल्पना साकार होने वाली है। निश्चित रूप से जलशक्ति, जनशक्ति से पर्यावरण की दिशा में भी भारत बहुत आगे जा चुका है। अगले महीनेसे एक नई विश्वकर्मा योजना का एलान भी किया। इस दिन 13-15 हजार करोड़ रुपये से इसके जरिए पारंपरिक कौशल में लगे लोगों को मदद पहुंचेगी। नई संसद का जिक्र करते हुए कहा पुरानी संसद में कम जगह की चर्चा तो पिछले 25 सालों से हमेशा होती थी लेकिन नई संसद को पूरा कर दिखाने का सामर्थ्य मोदी ने ही दिखाया। उन्होंने कहा नया भारत न रुकता है, न थकता है न हाँफता है, न हारता है, इसीलिए सीमाएं सुरक्षित हुईं। सेना में बदलावों से ही सुरक्षा की अनुभूति हुई है। आतंकी-नक्सली हमलों में जबरदस्त कमीं का बड़ा परिवर्तन दिखा।अपने सपने का घर हर कोई बनाना चाहता है। पैसों की दिक्कत के कारण पूरा नहीं हो पाता और मजबूरी मेंकिराए के घर में रहना पड़ता है। इनके लिए सरकार की भावी योजना आ रही हैजिसमें ब्याज पर लाखों रुपए की राहत मिलेगी। भारतीय महिलाओं की विशेष चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया इनका सामर्थ्य देख दंग है। अब कृषि के क्षेत्र में ड्रोन संचालन में भी महिला स्व-सहायता समूहों की बड़ी भूमिका होगी।इससे एग्रीटेक क्षेत्र में नई क्रान्ति होगी। भारत द्वारा दिए गए नारे वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड तथा भारत की मेजबानी और जी-20 का दिया नारा वन अर्थ,वन फैमिली,वन फ्यूचर का खास जिक्र किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को मातृभाषा में भी उपलब्ध कराने पर आभार जताया। अब जजमेंट का ऑपरेटिव पार्ट आवेदक की स्थानीय भाषा में मिलेगा। इतना तो साफ है कि कहीं न कहीं प्रधानमंत्री ने 2024 की जबरदस्त तैयारियों के संकेत भीदिए। 2014 में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों का नाम लेकर सभी को देश कीउपलब्धियों से जोड़ने वाले नरेन्द्र मोदी 2023 में बेहद बदले, अलग व सख्त तेवर में दिखे। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर बोलने के मायने बहुत गहरे हैं। खास ब्यूरोक्रेट्स को इसका श्रेय देना और जताना किमेरे लाखों हाथ-पैर देश के कोने-कोने में सरकार की जिम्मेदारियाँ बखूबी निभा रहे हैं कहना बड़ी राजनीतिक चतुराई है।यह विश्वास जताना क्या बताता है कहने की जरूरत नहीं। अब इसे 2024 का शंखनाद कहे, चुनावी भाषण या देश की मौजूदा तस्वीर। हां इतना तो है कि लालकिले से इस बार मोदी ने मन बात जरूर कही है।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार हैं।)*



स्मृति शेष

डॉ० रमेश ठाकुर

# स्वच्छता के दूत टॉयलेटमैन बिंदेश्वर

**औरों से अलहदा जनहित और सार्वजनिक क्षेत्र में कार्य करके गए हैं भारत में टॉयलेट मैन के नाम से पहचाने जाने वाले बिंदेश्वर पाठक। सामाजिक क्षेत्र में उन्होंने जो कारनामा करके दिखाया, उसे लोग करने से भी कतराते हैं। टॉयलेट साफ करने की बात मात्र से लोग मुंह चिढ़ाने लगते हैं, बावजूद इसके उन्होंने देशभर के टॉयलेट को साफ-सुथरा रखने और नए टॉयलेट को बनाने का संकल्प लिया। उस संकल्प को पूरा करके भी दिखाया। अपने मिशन में जब पाठक जुटे तो उनकी हंसी भी लोगों ने खूब उड़ाई जिसमें उनके परिजन भी थे। इतना ही नहीं, एक मर्तबा उनके ससुर ने ये तब बोल दिया था कि अपनी बेटी का ब्याह उन्होंने गलत आदमी से कर दिया।**

कुछ नामचीन इंसान समाज में ऐसी अमिट छाप छोड़कर जाते हैं, जिन्हें संसार कभी नहीं भूलता। सदियों अपने भीतर उनकी यादों को धरोहर समान संजोकर रखता है। कुछ ऐसा ही औरों से अलहदा जनहित और सार्वजनिक क्षेत्र में कार्य करके गए हैं भारत में टॉयलेट मैन के नाम से पहचाने जाने वाले बिंदेश्वर पाठक। सामाजिक क्षेत्र में उन्होंने जो कारनामा करके दिखाया, उसे लोग करने से भी कतराते हैं। टॉयलेट साफ करने की बात मात्र से लोग मुंह चिढ़ाने लगते हैं, बावजूद इसके उन्होंने देशभर के टॉयलेट को साफ-सुथरा रखने और नए टॉयलेट को बनाने का संकल्प लिया। उस संकल्प को पूरा करके भी दिखाया। अपने मिशन में जब पाठक जुटे तो उनकी हंसी भी लोगों ने खूब उड़ाई जिसमें उनके परिजन भी थे। इतना ही नहीं, एक मर्तबा उनके ससुर ने ये तब बोल दिया था कि अपनी बेटी का ब्याह उन्होंने गलत आदमी से कर दिया। ससुर ने पाठक से कहा आपको शर्म नहीं आती, पंडित होकर भी टॉयलेट साफ करते फिरते हो, लेकिन बिंदेश्वर पाठक ठान बैठे थे कि उन्हें ऐसा कुछ करना है जिससे सबकी सोच बदले और समाज में एक नया उदाहरण स्थपित किया जा सके। कमोबेश, कुछ ही वर्षों में हुआ भी वैसा ही। शुरुआत में जो लोग बिंदेश्वर पाठक का मजाक उड़ाते थे, उनकी हंसी बनाते थे, बाद में वही लोग उनकी प्रशंसा करने लगे।

बिंदेश्वर पाठक का टॉयलेट मिशन कुछ ही सालों में देखते ही देखते जन आंदोलन में तब्दील हो गया। उनके जैसे इंसानों की आज बहुत कमी है, इसलिए उनके न रहने की खबर पर किसी को विश्वास नहीं हो रहा, लेकिन नियति को शायद यही मंजूर था, उसके आगे भला किसका जोर? पंद्रह अगस्त को जब समूचा देश आजादी के पर्व में मग्न था, तब बिंदेश्वर पाठक अपने अंतिम सफर को निकलने की तैयारी कर रहे थे। सुबह तड़के दिल्ली स्थिति अपने कार्यालय पर उन्होंने स्वतंत्रता दिवस का जैसे ही झंडा फहराया और उसके तुरंत बाद जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़े। ऐसा उनके साथ एकाध दफा पहले भी हुआ, तब परिजन उन्हें अस्पताल लेकर गए और ठीक हो गए, लेकिन शायद 15 अगस्त 2023 का दिन ईश्वर ने उन्हें अपने पास बुलाने के लिए मुकर्रर किया हुआ था। इस बार वो ऐसे गिरे कि फिर उठ ना पाए। बिंदेश्वर पाठक हिंदुस्तान में सार्वजनिक शौचालयों के प्रणेता थे। देशभर में सार्वजनिक स्थानों पर उन्होंने सुलभ शौचालयों का निर्माण करवाया। विशेषकर, बस अड्डे, बाजारों, मॉल्स, पुलिस थानों आदि जगहों पर उन्होंने टॉयलेट स्थापित कर लोगों को सुविधाएं प्रदान की। हाईवे पर बने सुलभ शौचालय भी उनके मिशन का हिस्सा हैं।

पाठक समाज के सच्चे प्रहरी थे, वह हमेशा औरों के लिए जीते थे। काम करने की उनकी ऊर्जा दूसरों को प्रेरणा देती थी। कोई काम छोटा नहीं होता, बस करने के लिए मन बड़ा होना चाहिए, इस युक्ति के साथ वो हमेशा आगे बढ़ते गए। बिंदेश्वर पाठक के अलहदा मानवीय कार्यों की छाप ऐसी थी कि उन्हें कई बड़े पुरस्कारों और सम्मान से नवाजा गया। केंद्र सरकार ने उनको पद्म भूषण पुरस्कार दिया। इसके अलावा कई अंतराष्टीय सम्मान भी



उन्हें मिले, एनर्जी ग्लोब अवार्ड, बेस्ट प्रैक्टिस के लिए दुबई इंटरनेशनल अवार्ड, स्टॉकहोम वाटर प्राइज, पेरिस में फ्रांसीसी सीनेट से लीजेंड ऑफ प्लैनेट अवार्ड मिले। पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर 'द मेकिंग ऑफ ए लीजेंड' पुस्तक भी लिखी थी जिसकी प्रधानमंत्री ने खुद सराहना की थी।

पाठक को पुरस्कार देते हुए पोप जॉन पॉल द्वितीय ने कहा था कि वो पर्यावरण के सच्चे प्रेमी हैं उनसे हम सभी को सीख लेनी चाहिए। मेरी खुद व्यक्तिगत रूप से उनसे कई मुलाकातें हुई, नाम से जानते थे, उनके काम करने के अंदाज़ को सालों से करीब से देखा-जाना। लगता नहीं है कि भविष्य में टॉयलेट जैसे कार्य में शायद कभी कोई दूसरा बंदा फिर अपना सहयोग देगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन से पहले से वो इस मिशन में लगे थे। कहना गलत नहीं होगा कि केंद्र सरकार ने अपने साफ-सफाई वाले अभियान का श्रीगणेश पाठक के मिशन को देखकर ही किया। इसके लिए बाकायदा एक बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिंदेश्वर पाठक को अपने कार्यालय में बुलाकर मिशन की सफलता के संबंध में गहनता से जाना। उनसे सरकार ने सहयोग भी लिया। भले ही उनके इस अनोखे कार्य को देखकर सभी ने शुरूआती दिनों में मजाक उड़ाया हो। पर, बाद में सभी ने उनके प्रयासों की सराहना की। बिंदेश्वर पाठक सुलभ इंटरनेशनल से न सिर्फ भारत में, बल्कि समूची दुनिया में अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने आधुनिक तकनीकों और नवीनतम मानवीय सिद्धांतों के साथ कदमताल मिलाकर 1970 में सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन का श्रीगणेश किया था। कार्यकर्ता और समाज सेवी पाठक को कई लोग 'सैनिटेशन सांता क्लास' कहते थे। उनका जन्म बिहार के वैशाली जिले के रामपुर बघेल गांव में हुआ था और परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है.

कॉलेज और कुछ लीक से अलग नौकरियों को करने के बाद वह 1968 में बिहार गांधी शताब्दी समारोह समिति के मैला उठाने वालों की मुक्ति प्रकोष्ठ में शामिल हो गए। उन्होंने भारत में मैला उठाने की समस्या को रेखांकित किया। जब उन्होंने देश भर की यात्रा की और अपनी पीएचडी शोधपत्र के हिस्से के रूप में सिर पर मैला ढोने वालों के साथ रहे तो उन्हें नई पहचान मिली। पाठक द्वारा तीन दशक पहले सुलभ शौचालयों को किण्वन संयंत्रों से जोड़कर बायोगैस बनाने का डिजाइन अब दुनिया भर के विकासशील देशों में स्वच्छता का पर्याय बन गया है। उनकी परियोजना की एक विशेषता यह रही कि गंध मुक्त बायोगैस का उत्पादन के अलावा, यह फॉस्फोरस और अन्य अवयवों से भरपूर स्वच्छ पानी भी छोड़ता है जो जैविक खाद के महत्वपूर्ण घटक हैं।

सुलभ शौचालय की शुरुआत कम संसाधन और सीमित आय से हुई। बहुत ही चंद पूंजी के साथ और अकेले के दम पर इतने बड़े मिशन की उन्होंने नींव रखी? उनके इस मिशन का मकसद था साफ-सफाई, मानव अधिकारों, पर्यावरण स्वच्छता, ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्त्रोतों, अपशिष्ट प्रबंधन और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा देना। उनकी पहल अब दुनियाभर के विकासशील देशों में स्वच्छता का पर्याय बन चुकी है। पाठक का स्वच्छता आंदोलन स्वच्छता सुनिश्चित करता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को रोकता है। ग्रामीण समुदायों तक इन सुविधाओं को पहुंचाने के लिए इस तकनीक को अब दक्षिण अफ्रीका की ओर भी बढ़ा दिया है। ऐसे व्यक्ति का यूं चले जाना, निश्चित रूप से बड़ा अघात है। उनके न रहने की क्षति को कोई पूरा नहीं कर सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# भक्ति में चुनौतियों से लड़ने की मिलती है शक्ति



संकलित

## दर्शन

इस विशाल ब्रह्मांड में, एक कालनिरपेक्ष और असीमित ऊर्जा सृष्टि के प्रत्येक पक्ष में प्रकट होती है। ये समय, स्थान, आरंभ-अंत से परे है। अक्सर हम उन लोगों पर दया भाव रखते हैं, जो हमसे अधिक युवा हैं या हम उन्हें कम ज्ञान वाला समझते हैं। इसी प्रकार हम बुजुर्गों द्वारा दिए गए ज्ञान को पुराना और अज्ञान से भरा हुआ मान लेते हैं। लेकिन, हमें ये बात समझने की आवश्यकता है कि दिव्यता बुद्धिमत्ता, आयु या स्वभाव पर ध्यान दिए बिना, सबके हृदय में वास करती है। प्रत्येक व्यक्ति में शिव तत्व का संज्ञान लेने से हमारे भीतर एक समरसता उत्पन्न हो जाती है, जो हमें शिव से एकाकार करती है। पुराने समय के ऋषियों और ज्ञानियों ने हर एक चीज को शिव का ही अंश माना। शिव सर्वव्याप्त हैं। यही वेदों का सार है। वेदांत दूसरी ओर भूला देने और ज्ञान की सीमाओं के परे जाने को भी दर्शाते हैं। वह उसके बारे में भी बताते हैं, जो द्वैत से परे है, अच्छे और बुरे से परे है। वेदांत अद्वैत की वास्तविकता का भी उद्घाटन करते हैं, जो अस्तित्व के मूल में छिपा हुआ है। ईश्वर के सर्वव्याप्त होने की धारणा पर बहुत पुराने समय से प्रश्न उठते आए हैं। यदि ईश्वर सचमुच में सर्वव्याप्त हैं, तो शैतान कहां रहता है। शताब्दियों से धर्मशास्त्रियों ने इस असमंजस पर गुत्थम-गुत्था की है। यदि ईश्वर सर्वव्याप्त हैं, तो कोई शक्ति उन्हें चुनौती कैसे दे सकती है? उत्तर इस समझ में है कि हर एक चीज में ईश्वर है, शैतान में भी।

# चंद्र देव को दक्ष ने दे दिया था श्राप



संकलित

## प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

पहली बार वर्ल्ड कप के सभी मुकाबले भारत में 13वें वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप का आगाज़ 05-10-2023 को अहमदाबाद में पिछले वर्ल्ड कप की विजेता टीम इंग्लैंड और उपविजेता टीम न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से होगा। फाइनल मैच 19-11-2023 को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। क्रिकेट इतिहास में यह प्रथम बार हो रहा है जब पूरे का पूरा क्रिकेट वर्ल्ड कप भारत में आयोजित होने जा रहा है। इससे पहले 1987, 1996 और 2011 में भारत क्रिकेट वर्ल्ड कप की संयुक्त मेज़बानी कर चुका है। इस क्रिकेट वर्ल्ड कप में कुल 45 मुकाबले खेले जाएंगे।

– रविंद्र सक्सेना, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

# इजराइल में भारतीय-यहूदी सांस्कृतिक चौक उद्घाटित

भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इजराइल के ईलात शहर में भारतीय-यहूदी सांस्कृतिक चौक का उद्घाटन किया गया जो दोनों देशों के बीच 'सदियों की साझा विरासत और मूल्यों' पर विकसित 'सभ्यतागत जुड़ाव' को समर्पित है। ईलात के मेयर एली लांकरी ने चौक का उद्घाटन करने के बाद कहा कि यह चौक भारत और इजराइल के बीच प्रेम, मित्रता, परस्पर देखभाल और गहरे जुड़व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय-यहूदी समुदाय और ईलात शहर के बीच संबंध को भी दर्शाता है। इस चौक की दीवार पर एक संदेश लिखा है, 'भारत-इजराइल की मित्रता दोनों देशों के बीच विश्वास और मैत्री के सभ्यतागत जुड़ाव का प्रमाण है जो सदियों की साझा विरासत, मूल्यों और उनके लोगों की आकांक्षाओं की नींव पर बना है।' इसमें कहा गया है, 'यह मित्रता भारत और इजराइल की पीढ़ियों को प्रेरित करे....।' चौक की दीवार के दोनों छोर पर भारत और इजराइल के ध्वज लगाए गए हैं और दीवार के एक ओर महाराष्ट्र क्षेत्र के 'बेने इजराइल' समुदाय के 'मलिदा' समारोह के प्रतीक की चित्रकारी है। भारतीय-यहूदी समुदाय की परंपराओं को ध्यान में रखते हुए 'मलिदा' को अब आधिकारिक राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता दी गयी है।



## ऑफ बीट

# पालतू जानवरों को प्रभावित करेगा जलवायु परिवर्तन

तापमान का रिकार्ड दर्ज करने की शुरूआत के बाद से पृथ्वी ने अपने सबसे गर्म महीने का अनुभव किया है और ऑस्ट्रेलिया अब अल नीनो से प्रेरित गर्मियों का सामना करने की तैयारी कर रहा है। अत्यधिक गर्मी न केवल मनुष्यों के लिए चुनौतीपूर्ण है – यह हमारे प्यारे पालतू जानवरों के लिए भी कष्टप्रद होती है। जिस शोध में मैं शामिल था उसमें इस बात की जांच की गई कि जलवायु परिवर्तन पालतू जानवरों सहित सभी जानवरों को कैसे प्रभावित करता है। यह पालतू जानवरों पर ही नहीं बल्कि जंगली और पालतू जानवरों दोनों पर लागू होता है। मछलियाँ 'एक्टोथर्म्स' होती हैं – यानी, वे अपने शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए गर्मी के बाहरी स्रोतों का उपयोग करती हैं। इसलिए पालतू मछलियाँ आपके घर के एक्वेरियम के पानी के तापमान में बदलाव के प्रति संवेदनशील होती हैं, जो गर्मी के दौरान हो सकता है। पानी का अत्यधिक तापमान मछलियों को शारीरिक नुकसान पहुंचा सकता है। उदाहरण के लिए, यह मछली की चयापचय दर को बढ़ा सकता है – जिसका अर्थ है कि उसे सांस लेने के लिए अधिक ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। यह धीमी वृद्धि और कम भोजन जैसे परिवर्तन भी पैदा कर सकता है।



## ट्रेंड

### आत्मविश्वास दृढ़ किया

लालकिले से प्रधानमंत्री के संबोधन ने देशवासियों के मन में इस आत्मविश्वास को दृढ़ किया है कि 'आने वाला भविष्य भारत का है'। गुलामी के प्रतीकों को छोड़ नए प्रतिमान गढ़ने के लिए देश तैयार है। हमारे लोकतंत्र में हमारी लोकशक्ति निहित है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री



### बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई

प्रिय बहन ममता को कन्याश्री के दस वर्ष पूरे होने पर बधाई। इस योजना ने किशोर लड़कियों को सशक्त बनाया है और स्कूल छोड़ने की संख्या को कम करने पर सीधा प्रभाव डाला है और बाल विवाह और तस्करी के खिलाफ लड़ाई को मजबूत किया है।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता



### हम यह क्यों स्वीकार करें

विपक्ष से तो प्रोटोकॉल का पालन कर के लाल क़िले के कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपेक्षा की जाए और प्रधानमंत्री प्रोटोकॉल तोड़ते हुए लाल क़िले की प्राचीर से विपक्ष को कोसें? हम यह क्यों स्वीकार करें?

-पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता



### प्रेरणादायक भाषण

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सही कहा कि लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और विविधता का 3डी प्रभाव ही हमें एक गौरवान्वित राष्ट्र बनाता है। राष्ट्र के लिए प्रेरणादायक स्वतंत्रता दिवस भाषण।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति



**मंज़िल उन्हीं को मिलती है , जिनके सपनों में जान होती है!!**
**पंख से कुछ नहीं होता , हौसलों से उड़ान होती है!**

# चिनूक से मिनी जेसीबी को उतारा गया, कई शव अब भी मलबे में दबे

## शिमला में बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही

एजेंसी ▶▶ शिमला

शिमला में लैंडस्लाइड ने बड़ी तबाही मचाई है।बताया जा रहा है कि अब भी कई लोग मलबे के नीचे ही दबे हैं। कई जगहों पर लैंडस्लाइड होने के कारण राहत कार्य में भी दिक्कतें आ रही है। ऐसे में प्रशासन को मदद के लिए चिनूक हेलिकॉप्टर से मिनी जेसीबी को एयरलिफ्ट कर के मंगवाना पड़ा है। बीआरओ ने चिनूक हेलिकॉप्टर से मिनी जेसीबी को एयरलिफ्ट कर के हादसे वाली जगह पर भेजा है ताकि लोगों को जल्द से जल्द बचाया जा सके। बारिश के कहर में मरने वालों की संख्या बुधवार को 60 हो गई। भारी बारिश के बीच शिमला का प्राचीन शिव मंदिर ढह गया जिसमें एक दर्जन से ज्यादा लोगों की जान चली गई। वहीं, करीब 120 साल पुरानी शिमला-कालका लाइन को भी नुकसान पहुंचा है। नवंबर में इस लाइन को शुरू हुए 120 साल हो जाएंगे।



120 साल पुरानी शिमला-कालका लाइन भी ध्वस्त, कई शहर खिसक रहे दूर

एसडीएम ने कहा- तलाशी अभियान चला रहे

### समरहिल में मलबे से निकाले गए 14 शव

शिमला के समर हिल इलाके में 14 अगस्त को हुए भारी भूस्खलन के बाद एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, स्थानीय पुलिस और होम गार्ड द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। एसडीएम शिमला (शहरी) भानु गुप्ता ने बताया कि 14 शव बरामद कर लिए गए हैं। 21 शव हो सकते हैं जिनमें से हमने पिछले दो दिनों में 14 शव बरामद किए हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, स्थानीय पुलिस और होम गार्ड अभियान में लगे हुए हैं।



उत्तराखंड में भी हालात नाजुक

### हेलिकॉप्टर की मदद से किया जा रहा रेस्क्यू

उत्तराखंड में बारिश और बाढ़ से हालात ख़राब हो चुके हैं। यहां मदमहेश्वर घाटी में फंसे लोगों को हेलिकॉप्टर की मदद से रेस्क्यू किया गया। ऋषिकेश से एक और दर्दनाक तस्वीर सामने आई है। जमीन खिसकने की घटना के बाद हर तरफ़ तबाही का मंजर देखने को मिला, एसडीआरएफ की टीम को वहां से दो शव बरामद किए।

खतरा मंडराया

### एक बार फिर यमुना नदी का जलस्तर बढ़ा



दिल्ली के लोगों पर भी बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। इसका कारण उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कुछ भागों में भारी बारिश के कारण नदी के जल स्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। यमुना नदी का जलस्तर बढ़ चुका है और बाढ़ की आशंका भी है। निचले हिस्सों में खतरा बढ़ा है।

मिट्टी में आई जबरदस्त नमी

### पहाड़ों से नीचे खिसक सकते हैं शिमला, कुल्लू और सोलन

हिमाचल प्रदेश में यह खतरा हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों पर बसे बड़े शहरों के नीचे की मिट्टी में आई नमी की वजह से बना है। लगातार हो रही बारिश से यहां के पहाड़ों के भीतर की मिट्टी में इतनी नमी आ गई है। इससे लैंडस्लाइड, मड स्लाइड समेत बड़े-बड़े पेड़ों वाले जंगलों के नीचे की मिट्टी खिसक रही है।

## खबर संक्षेप

### प्लाईवुड फैक्टरी में लगी भीषण आग, 3 झुलसे

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के थाना नाका क्षेत्र के मोतीनगर चौकी की एक प्लाईवुड फैक्टरी में



मंगलवार देर रात भीषण आग लग गई। जिसे बुझाने के प्रयास में तीन फायर कर्मी झुलस गए। उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियां व स्थानीय पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे।

### असम में परिसीमन को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने असम में परिसीमन को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने



ट्वीट करके ये जानकारी दी। उन्होंने इसे असम के इतिहास में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। चुनाव आयोग ने असम में परिसीमन की अधिसूचना जारी की थी, जिसे राष्ट्रपति ने बुधवार को मंजूदी दे दी है।

### केजरीवाल 20 अगस्त को रीवा में करेंगे रैली


**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव है। इससे पहले सभी राजनीतिक



दलों ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसके तहत ही आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल 20 अगस्त को रीवा आएंगे।यह राष्ट्रीय संयुक्त सचिव पंकज सिंह ने बुधवार को बताया।

### कृष्ण जन्मभूमि के पास विध्वंस अभियान पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के पास अतिक्रमण करने वालों को फौरी



राहत दी। शीर्ष अदालत ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के पास बने बने कथित अवैध निर्माण को ढहाने के रेलवे के अभियान पर यथास्थिति रखने का निर्देश दिया। रेलवे अधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे ध्वस्तीकरण अभियान पर 10 दिनों के लिए रोक लगा दी।



### कालकाजी मंदिर के लिए ड्रेस कोड लागू

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक कालकाजी मंदिर को लेकर एक बड़ा फैसला आया है। जिसके मुताबिक मंदिर समिति ने यहां दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड लागू कर दिया है। जाहिर है कि मंदिर में आए दिन हजारों की संख्या में भक्त माता कालका के दर्शन के लिए आते हैं और पूजा-अर्चना करते हैं। इनमें से कुछ भक्त वेस्टर्न कपड़ों में भी आते हैं जिसे देखते हुए मंदिर समिति ने ऐसे कपड़ों को मंदिर पहनकर आने पर रोक लगा दी है।

## चाचा-भतीजे की गोपनीय मुलाकात से महाराष्ट्र में बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

# 'एमवीए' से एनसीपी के अलग होने की 'खबर,' उद्धव-कांग्रेस की सांसें अटकी

शरद पवार और अजित की सीक्रेट मीटिंग पर उठने लगे सवाल, एनसीपी प्रमुख ने टेंशन को दिया सस्पेंशन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार की भतीजे अजित पवार के साथ हालिया मुलाकात के बाद से महाराष्ट्र की सियासत में हलचल तेज़ हो गई है। चाचा-भतीजे के बीच हुई इस 'सीक्रेट मीटिंग' को लेकर एमवीए के बाकी दो दलों शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और कांग्रेस में टेंशन बढ़ गई है। इस बीच शरद ने बुधवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस करके एक बार से उस मुलाकात को लेकर सफाई दी। उन्होंने कहा कि मुंबई में 31 अगस्त को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक होने वाली है और उसमें हम अपनी भूमिका स्पष्ट कर देंगे। अजित द्वारा चाचा शरद को एनडीए में शामिल होने पर केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह दिलाने के कथित ऑफर को लेकर शरद ने कहा कि कांग्रेस के नेता अगर कोई बयान दे रहे हैं तो मुझे इसकी जानकारी नहीं,लेकिन अजित पवार से मीटिंग के दौरान किसी ऑफर पर बात नहीं हुई है।



### शरद ने इसे पारिवारिक मुलाकात बताया

उन्होंने कहा कि अजित पवार मुझसे मिलने आए थे, मैं उससे इनकार नहीं करता, लेकिन यह कोई राजनीतिक नहीं, बल्कि पारिवारिक मुलाकात थी। जहां परिवार के कई और सदस्य भी मौजूद थे। अजित और मेरी मुलाकात में ऐसे किसी ऑफर पर कोई बातचीत ही नहीं हुई और न ही कोई चर्चा हुई।

### कांग्रेस-उद्धव के प्लान-बी को किया खारिज

शरद को लेकर एमवीए के अन्य दो घटक दलों में जारी असमंजस के बीच खबर यह भी है कि कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने प्लान बी पर काम करना शुरू कर दिया है, जिसके तहत एनसीपी को अलग कर ये दोनों दल ही गठबंधन में चुनाव लड़ने पर मंथन कर रहे हैं। हालांकि शरद ने इस अटकलों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और शिवसेना उद्धव गुट द्वारा एनसीपी को अलग करके चुनाव लड़ने की जो चर्चा चल रही है ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के प्लान बी की महज चर्चा है, इसमें हकीकत कुछ नहीं। शरद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, पिछले 8-10 दिनों से मैं पूरे महाराष्ट्र में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिल रहा हूं. दो दिन पहले सोलापुर के सांगोला इलाके में कम से कम 1000 लोगों ने अलग-अलग जगहों पर मेरी कार रोकी. पुणे, सतारा और अन्य स्थानों पर पार्टी के कई कार्यकर्ता मुझसे मिलने आए। मैं अब बीड का दौरा करूंगा। शरद भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि वे लोगों को बांट रहे हैं।

### नीतीश कुमार केजरीवाल से मिले



'इंडिया' में अंदरूनी खींचतान तो नहीं...

अटल वाजपेई को श्रद्धांजलि देकर सीएम नीतीश कुमार ने कांग्रेस को मैसेज देने की कोशिश की है कि मुंबई की बैठक में संयोजक के नाम की घोषणा हो जाए, वरना उनके लिए विकल्प खुले हैं। अरविंद केजरीवाल के साथ कई नेताओं से नीतीश कुमार मिले। खबर है कि इंडिया गठबंधन विपक्षी एकता के लाख दावे कर ले, लेकिन जमीनी हकीकत है कि केजरीवाल और कांग्रेस कई राज्यों में आमने सामने है। जानकारों का मानना है कि इंडिया गठबंधन में अंदर खींचतान शुरू हो गई है।

मंत्री पद के ऑफर पर...

### बेटी सुप्रिया ने कांग्रेस के दावे को किया खारिज



दोनों के बीच हुई इस मीटिंग के संदर्भ में महाराष्ट्र कांग्रेस के एक बड़े नेता ने शरद पवार को भाजपा में शामिल होने का ऑफर मिलने का दावा किया था।उन्होंने तो यहां तक कहा था कि भाजपा ने शरद को कैबिनेट मंत्री पद देने को भी कहा है।अब शरद की बेटी और शरद खेमे वाली एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने इन दावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा है कि इस तरह का कोई ऑफर नहीं मिला है।

## रेल मंत्री वैष्णव ने की घोषणा

# 32500 करोड़ के प्रोजेक्ट 35 जिलों को करेंगे कवर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक ब्रीफिंग में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 32,500 करोड़ के परिव्यय के साथ भारतीय रेलवे को लक्षित सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने भारतीय रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं की स्वीकृत दी। परियोजनाएं मौजूदा लाइन क्षमता को बढ़ाने, ट्रेन संचालन को सुचारू बनाने, भीड़ को कम करने और यात्रा और परिवहन में आसानी की सुविधा प्रदान करने में मदद करेंगी। वैष्णव ने कहा कि उक्त परियोजनाएं जो पूरी तरह से इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण मोड पर बनाई जाएंगी। रेलवे नेटवर्क में 2,339 किलोमीटर की वृद्धि करेंगी। परियोजनाओं को केंद्र सरकार से 100 प्रतिशत वित्त पोषण प्राप्त होगा। ये योजनाएं आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के 35 जिलों को कवर करेंगी।

### डिजिटल इंडिया परियोजना में 14903 करोड़ खर्च

रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि 14,903 करोड़ के परिव्यय के साथ डिजिटल इंडिया परियोजना में विस्तारित डिजिटल इंडिया परियोजना योजना के पिछले संस्करण के तहत किए गए कार्यों को जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत 5.25 लाख आईटी पेशेवरों को पुनर्कुशल और अकुशल बनाया जाएगा और 2.65 लाख व्यक्तियों को आईटी में प्रशिक्षित किया जाएगा। विस्तारित डिजिटल इंडिया परियोजना के तहत, राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनसीएम) के तहत नौ और सुपर कंप्यूटर जोड़े जाएंगे। मंत्री ने कहा कि एनसीएम के तहत पहले ही 18 सुपर कंप्यूटर तैनात किए जा चुके हैं।

### वंदे भारत ट्रेन में फ्री सफर कर सकेंगे छात्र

रेल मंत्री वैष्णव ने एक बार फिर से बड़ा ऐलान कर दिया है। केंद्रीय मंत्री ने बच्चों को वंदे भारत ट्रेन में फ्री में सफर करने का मौका दिया है, लेकिन इस सुविधा का फायदा कुछ खास बच्चों को ही मिलेगा। रेल मंत्री ने यह मौका ओडिशा के चुनिंदा स्टूडेंट्स को दिया है। रेल मंत्री ने कटक में एक सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के निर्माण से पहले भूमि पूजन के लिए गए हुए थे, जहां पर उन्होंने ये ऐलान किया।

## नेहरू मेमोरियल का नाम बदलने पर भड़की कांग्रेस

# पूर्व पीएम की शख्सियत को कम कर रहे जिनकी स्वतंत्रता दिलाने में बड़ी भूमिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में स्थित नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी का नाम बदलकर पीएम म्यूजियम एंड लाइब्रेरी कर दिया गया है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आधिकारिक तौर से इस पर मुहर लगा दी गई है और बदला हुआ नाम प्रभावी हो गया, जिसे लेकर अब सियासत भी गरमाने लगी है। नेहरू मेमोरियल संग्रहालय का नाम बदले जाने को लेकर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि ये मोदी सरकार का कलंकपूर्ण अध्याय है। नेहरू ने स्वतंत्रता आंदोलन में बड़ा योगदान दिया और आज़ादी दिलाने में मदद की।

### ऐसा करना अपमानजनक

तिवारी ने कहा कि जिस व्यक्ति ने इस देश को आज़ादी दिलाई उस व्यक्ति के नाम पर रहे नेहरू मेमोरियल म्यूजियम और लाइब्रेरी का नाम बदलना देश के लिए अपमानजनक है। ऐसे पीएम का नाम बदलना मोदी सरकार का एक कलंक पूर्ण अध्याय है। जवाहर लाल नेहरू म्यूजियम से अब उनका नाम हट जाएगा। तिवारी ने कहा कि मोदी जी आप लाख कोशिश कर लें लेकिन नेहरू इतनी लंबी लकीर खींच कर वो गए हैं कि उन्हें आपकी दया की जरूरत नहीं।



### खरगे ने भी जताई नाराजगी

इस मुद्दे पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी कहा कि जिनका कोई इतिहास नहीं है, वे दूसरों का इतिहास मिटाने चले हैं। नाम बदलने से पूर्व प्रधानमंत्री की शख्सियत को कम नहीं किया जा सकता है।

## मालवीय को सचिन का जवाब

# हां... मेरे पिता ने बम गिराए थे और राजेश-कलमाड़ी ने विमान उड़ाए थे

एजेंसी ▶▶ जयपुर

मणिपुर और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों को लेकर कांग्रेस और भाजपा में जंग चल रही है। विपक्ष द्वारा इसी मसले पर संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाया



गया था, इस बीच अब सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेता सचिन पायलट और भाजपा नेता अमित मालवीय के बीच जुबानी जंग छिड़ी है। अमित मालवीय ने आरोप लगाया था कि मिजोरम में जो बमबारी हुई थी, उसमें सचिन पायलट के पिता भी शामिल थे। अब कांग्रेस नेता ने उन्हें करारा जवाब दिया है। दरअसल, अमित मालवीय ने 13 अगस्त को एक ट्वीट किया। अमित मालवीय ने दावा किया कि 5 मार्च, 1966 को मिजोरम की राजधानी आइज़वाल में पीएम इंदिरा गांधी के आदेश पर बमबारी हुई थी। राजेश पायलट और सुरेश कलमाड़ी उस वक्त वायुसेना के उन विमानों को उड़ा रहे थे, जिनसे बम फेंके गए थे।

# बोइंग ने अपाचे हेलीकॉप्टर का निर्माण किया शुरू

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग ने भारतीय सेना को मिलने वाले अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू कर दिया है। बोइंग के प्रमुख ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह भारतीय सेना को सौंपे जाने वाले अपाचे हेलिकॉप्टर का उत्पादन शुरू कर रही है। बता दें कि बोइंग भारतीय सेना को कुल छह AH-64E अपाचे हेलीकॉप्टर सौंपेगी AH-64E अपाचे हेलीकॉप्टर अपने एडवांस टेक्नोलॉजी के लिए मशहूर है। अपाचे हेलीकॉप्टर लड़ाकू हेलीकॉप्टरों में गिना जाता है। अमेरिकी सेना इसका उपयोग बड़े पैमाने पर कर रही है। कंपनी ने कहा-बोइंग एरिजोना में भारतीय सेना को दिए जाने वाले अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू कर रही है। बोइंग इंडिया के प्रमुख सलिल गुप्ते ने कहा कि हम भारत की रक्षा क्षमताओं का समर्थन करने के लिए बोइंग की अटूट प्रतिबद्धता के तहत एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल करके खुश हैं। उन्होंने कहा कि॒ ॥-64श्व की उन्नत तकनीक और प्रदर्शन भारतीय सेना की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करेगी। बता दें कि बोइंग ने 2020 में भारतीय वायु सेना को 22 ई-मॉडल अपाचे की सफल डिलीवरी पूरी की थी। इसके बाद, भारतीय सेना के लिए छह॒ ॥-64श्व के उत्पादन के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जिसकी डिलीवरी 2024 तक निर्धारित है। भारतीय वायु सेना ने सितंबर 2015 में अमेरिकी सरकार और बोइंग लिमिटेड के साथ 22 अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इसके अलावा, रक्षा मंत्रालय ने 2017 में भारतीय सेना के लिए 4,168 करोड़ रुपये की लागत से छह अपाचे हेलीकॉप्टरों की खरीद को मंजूरी दी थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने जारी की नई सूची, जजों को भी दी सलाह

# लैंगिक रूढ़िवादिता जैसे शब्दों का कोर्ट में न करें इस्तेमाल

अब अफेयर, हाउसवाइफ और ईव टीजिंग कोर्ट में बोलना पड़ेगा महंगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक हैंडबुक का अनावरण किया जिसमें उन शब्दों का जिक्र किया गया है जो लैंगिक रूढ़िवादिता को कायम रखते हैं। अदालत ने कहा कि इनके इस्तेमाल से बचा जाना चाहिए। इन शब्दों में अफेयर, हाउसवाइफ प्रॉस्टिट्यूट, ईव टीजिंग जैसे शब्द भी शामिल हैं । इस दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस हैंडबुक के जरिए ये जानने में सहायता मिलेगी कि कौन से शब्द रूढ़िवादी हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस हैंडबुक में उन आपत्तिजनक शब्दों की लिस्ट है।

### अब नई शब्दावली का ही उपयोग करें

इसके अलावा प्रोवोकेटिव क्लोदिंग/ड्रेस (भड़काऊ कपड़े) की जगह क्लोदिंग/ड्रेस, एफेमिनेट (जनाना) की जगह जेंडर न्यूट्रल शब्दों का प्रयोग, वफादार पत्नी/अच्छी पत्नी/आज्ञाकारी पत्नी की जगह वाइफ (पत्नी), भारतीय महिला/पश्चिमी महिला की जगह महिला, कॉन्क्युबाइन/कीप की जगह ऐसी महिला जिसका शादी के इतर किसी पुरुष से शारीरिक संबंध हो, जैसे वाक्य या शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए।

सीजेआई ने कहा

### महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा से बचें



सीजेआई ने कहा कि इन शब्दों को कोर्ट में दलीलें देने, आदेश देने और उसकी कॉपी तैयार करने में इस्तेमाल किया जा सकता है। ये हैंडबुक वकीलों के साथ-साथ जजों के लिए भी है। इस पुस्तिका में उन शब्दों के बारे में बताया गया जो अब तक कोर्ट में इस्तेमाल किए गए। ये भी बताया गया कि ये शब्द गलत क्यों हैंय इसकी मदद से महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल से भी बच सकेंगे।

### इन शब्दों को बदला गया

इस हैंडबुक में अफेयर की जगह पर शादी के इतर रिश्ता, प्रॉस्टिट्यूट/हुकर की जगह सेक्स वर्कर, अनवेड मदर (बिनब्याही मां) की जगह केवल मां, चाइल्ड प्रॉस्टिट्यूड की जगह पर तस्करी करके लाया बच्चा, बास्टर्ड की जगह ऐसा बच्चा जिसके माता-पिता ने शादी न की हो, ईव टीजिंग की जगह स्ट्रीट सेक्शुअल हैरेसमेंट, हाउसवाइफ की जगह होममेकर, मिस्ट्रेस की जगह वह महिला जिसके साथ किसी पुरुष ने विवाहेतर रोमांटिक या यौन संबंध बनाए हों, का ही इस्तेमाल करें।

# अधिकतम 5 फीसद ब्याज पर एक लाख का मिल सकेगा लोन

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इस बैठक में विश्वकर्मा योजना को कैबिनेट ने अपनी मंजरी दे दी है। मोदी कैबिनेट की बैठक के दौरान लिए गए फैसलों की जानकारी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश के समक्ष रखी।

**पीएम ई-बस सेवा को भी मंजूरी-केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज मोदी कैबिनेट की बैठक में पीएम ई-बस सेवा को मंजूरी दे दी गई है। इस पर 57,613 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। देशभर में लगभग 10,000 नई इलेक्ट्रिक बसें उपलब्ध कराई जाएंगी। अनुराग ठाकुर ने कहा, 57,613 करोड़ रुपए में से 20,000 करोड़ रुपए केंद्र सरकार देगी। यह योजना 3 लाख और उससे अधिक आबादी वाले शहरों को कवर करेगी। इस योजना के तहत पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर 10,000 ई-बसों के साथ सिटी बस संचालन किया जाएगा। यह योजना 10 वर्षों तक बस संचालन का समर्थन करेगी इसी बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मोदी कैबिनेट ने विश्वकर्मा योजना को अपनी मंजूरी दी है।

# कलश यात्रा निकाल शांति व सद्भावना का दिया संदेश



चमकता राजस्थान

सिटी रिपोर्टर। अधिक मास में छोटीकाशी के नाम से विख्यात जयपुर नगरी धार्मिक मय रही। मानसूनी मौसम में भक्तों ने कलश यात्रा निकाली कर शिव को रिझाने की कोशिश की। ऐसा ही नजारा चावंड माता महिला सत्संग मंडल की ओर से नायला मोड़ स्थित बगीची से चावंड का मंड स्थित शिव मंदिर तक निकाली गई कलश यात्रा में दिखाई दिया। महिला मंडल की ममता शर्मा ने बताया कि यात्रा में सैकड़ो महिलाओं ने भाग लेकर शिव के प्रति भाव प्रकट किया। यात्रा में सुनीता शर्मा, अनोखी शर्मा, सांऊ खाखला, अनु शर्मा, मीरा सैनी, पुष्पा सैनी, सुशीला सैनी, सुमित्रा सैनी, माया शर्मा और लल्ली माई ने प्रमुखता से भाग लिया।

# कुशल कर्मचारी संगठन की रीढ़ की हड्डी - राजीव अरोड़ा



चमकता राजस्थान

जयपुर 16 अगस्त 2023 । राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसिको) के अध्यक्ष श्री राजीव अरोड़ा ने आज निगम मुख्यालय में निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों को इनलैण्ड कन्टेनर डिपो, भीलवाडा के लोकार्पण कार्यक्रम में सराहनीय योगदान के लिये प्रशस्ती पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये। राजीव अरोड़ा ने कहा की कुशल कर्मचारी किसी भी संगठन की रीढ़ कि हड्डी होते हैं ।इस कार्यक्रम में निगम की प्रबंध निदेशक डॉ. मनीषा अरोड़ा भी उपस्थित रही। उल्लेखनीय है कि गत माह 22 जुलाई 2023 को पिछले 10-12 वर्षो से बंद पडी निगम की इकाई आई.सी.डी. भीलवाडा का लोकार्पण माननीय उद्योग मंत्री राजस्थान द्वारा किया गया था। इस आई.सी.डी. के प्रारंभ होने से भीलवाडा सहित उदयपुर, विजय नगर, चित्तौडगढ़, शाहपुरा, माण्डलगढ़ आदि निकटवर्ति औद्योगिक इकाईयों को पोर्ट तक अपने माल को पहुचाने के लिये लॉजिस्टिक सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। राज्य के तेजी से उभर रहे भीलवाडा औद्योगिक क्षेत्र के इकाईयों को इस आई.सी.डी. के संचालन से उद्योग संगठनो में हर्ष की लहर उत्पन्न हो गयी है। निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों ने श्री अरोड़ा को उनके द्वारा दिये गये प्रशस्ती पत्र एवं पुरस्कार के लिये आभार व्यक्त किया।

# भारतीय अभ्युत्थान समिति के तत्वावधान में महासम्मेलन संवर्धिनी का होगा आयोजन



चमकता राजस्थान

भारतीय अभ्युत्थान समिति के तत्वावधान में 20 अगस्त 2023 को जयपुर के मानसरोवर स्थित दीप सभागार में महिलाओं के महासम्मेलन संवर्धिनी का आयोजन होने जा रहा है। यह सम्मेलन अपने आप में अनूठा होगा। यह जानकारी बुधवार को सेवा सदन में आयोजित एक प्रेस वार्ता में समिति के अध्यक्ष डॉ. रमेश अग्रवाल ने दी।

बाद में सम्मेलन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रांत समन्वय संयोजिका डॉ. मंजु शर्मा ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज की महिलाओं को जागृत करना है। आज हम सभी देख रहे हैं महिला उत्पीड़न या स्त्री अपराध बढ़ते जा रहे हैं। इसका प्रमुख कारण है हमारा भारतीय जीवन मूल्यों व संस्कृति से विमुख होना। हमारे जीवन मूल्य सम्पूर्णता पर आधारित हैं, जिनका आधार पारस्परिकता है। स्त्री और पुरुष को पृथक पृथक ना देखकर हम सम्पूर्णता अर्थात परिवार के रूप में देखते हैं। परिवार का केंद्र बिंदु स्त्री है।

उन्होंने कहा कि इतिहास के पन्नों में भारत को विश्व गुरु और सोने की चिड़िया कहा गया है। यानि एक समय था जब हमारा देश परम वैभवशाली व शक्ति सम्पन्न था। समाज में महिलाओं की स्थिति उन्नत थी। एक कालखंड में विदेशी आक्रमणकारियों के आने से कुछ विसंगतियाँ आयीं, जिन्हें हम सबको मिलकर दूर करना है। हनुमान जी की तरह ही हम अपनी शक्ति को भूल चुके हैं, जिसे पहचानकर, अपनी गरिमा, गौरव और स्त्रियोचित गुणों के प्रति गर्व एवं सम्मान का भाव रखते हुए हमें पुनः अपनी सोच और भूमिका को विस्तार देते हुए समाज और देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना है।

इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए महिलाओं के इस महासम्मेलन संवर्धिनी का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में भारतीय दर्शन में महिला व भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका जैसे विषयों पर उद्बोधन होंगे। कार्यक्रम के कुल तीन सत्रों में से पहले सत्र में मुख्य अतिथि सुमित्रा शर्मा व मुख्यवक्ता सुश्री भाग्यश्री साठे होंगी। दूसरा सत्र चर्चात्मक होगा। तीसरे सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता गुप्ता व मुख्यवक्ता पुष्पा जांगिड़ होंगी।

सम्मेलन में महिला विषयक प्रदर्शनी, स्वदेशी स्टॉल्स व सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र होंगे। कुछ सेल्फी प्वांइट भी बनाए गए हैं।

# रविंद्र मंच की 60 वीं वर्षगांठ पर गुंजे देशभक्ति के तराने



चमकता राजस्थान

जयपुर 16 अगस्त । रविन्द मंच की 60 वी वर्षगाँठ हिरक जयंती उत्सव मे देश के विख्यात गज़ल गायक मौहम्मद वकील ने देशभक्ति व गजलों की प्रस्तुतियां से आजादी की 77वीं वर्षगांठ पर देश भक्ति का जज्बा जगाया।
हर करम अपना करेंगे ए वतन तेरे लिए
भारत हम को जान से प्यारा है
वतन पे जो फिदा होगा, दीवार उठना तो हर युग की सियासत हेव सुफी मे आया तेरे दर पर दीवाना, छाप तिलक सब छीनी, दमां दम मस्त कलंदर, गज़ल वो चांदनी सा बदन, जेसी गजलों व देश भक्ति गीतो की शानदार प्रस्तुति से दर्शको की खूब वहा वाही लूटी* ।
इस कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति मौहम्मद वकील के युवा पुत्रो की जोड़ी मौहम्मद नजमुल व मौहम्मद अजमल ने देशभक्ति गीत तेरी मिट्टी मे मिल जावा,व चक दे इंडिया जेसे गीतो से दर्शको को अपने गायन प्रतिभा से प्रभावित किया।*
वकील के साथ वायलिन पर गुलज़ार हुसैन, किबोर्ड पर रेहबर हुसैन, तबले पर नरेन्द्र सिंह, ओकटोपेड पर फरीद दीवाना व ढोलक पर सरफराज वारसी ने शानदार संगत की। शो के एंकर प्रणय भारद्वाज जी थे।
मौहम्मद वकील को अभी हाल ही में इंडियन एम्बेसी बिर्मिंघम (यू के ) मे सम्मानित किया गया। साथ ही मस्कट ओमान मे प्राइड ऑफ़ इंडिया अवार्ड से नवाजा गया है।

# बालेर पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत के साथ तिरंगा रैली निकाली

## विद्यार्थियों की रैली को देखकर देशभक्ति में डूबा कस्बा



चमकता राजस्थान

बालेर /विशाल अग्रवाल,बालेर कस्बे निजी संस्थान जय अम्बे ग्रुप के बालेर पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने 77वे स्वतंत्रता दिवस पर्व को लेकर देश भक्ति गीत के साथ भव्य तिरंगा रैली निकाली गयी। इस दौरान रैली में विद्यार्थियों के हाथों में तिरंगा और मुख से भारत माता के जयकारे निकल रहे थे। रैली का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण से हुआ।
जहाँ क़स्बे के बस स्टैंड , मुख्य बाजार, जेमिनी चौक होते हुए वापिस विद्यालय प्रांगण में सपन्न हुई। रैली को देखकर कस्बे के लोगो ने रैली पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। जय अम्बे ग्रुप के संचालक रूपेंद्र सिंह ने कहा आज हमारे विद्यालय से स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा रैली निकाली गयी ,कस्बेवासियों को यह संदेश दिया जा रहा है,कि हमारे देश को जो स्वतंत्रता मिली है। घर-घर तिरंगा फहराया जाए और खुशियों के साथ मनाया जाए।

कस्बे सहित आस-पास के गाँवो में सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयो पर ध्वजारोहण किया गया,और विद्यालय में रंगारग देशभक्ति कार्यक्रम पर विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# मानव सेवा ही परम धर्म -राजीव अरोड़ा



चमकता राजस्थान

सेवा ही धर्म, सेवा ही कर्म की श्रंखला में राजीव अरोड़ा ने मानसिक रूप से विशेष योग्य महिला जन को किया भोजन एवम राशन वितरित।
आज राजापार्क गली नम्बर 6 में अपना घरआश्रम में समाज से वंचित महिलाओ को आश्वयक सामग्री व फल वितरण करते हुऐ राजसिको चेयरमैन श्री राजीव अरोड़ा जी साथ मे श्रीमती सुनीता आडवाणी,हितेश आडवाणी व आडवाणी चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# युवा चेतना समिति के कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर डॉ. शिवदयाल मंगल पूर्व पीएमओ द्वारा किया ध्वजारोहण





चमकता राजस्थान

धौलपुर( रामदास तरुण ब्यूरो चीफ) धौलपुर के बाड़ी उपखंड में युवा चेतना समिति कार्यालय पर डॉ. शिवदयाल मंगल पूर्व पीएम ओ द्वारा ध्वजारोहण किया गया।
आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शिवदयाल मंगल पूर्व पीएमओ, बशिष्ठ अतिथि गोपेश राज पचौरी पत्रकार संघ धौलपुर के अध्यक्ष, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सरोज मंगल आदि मंच पर विराजमान सभी का साफा, पुष्प माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के मौके पर मांगीलाल प्रधानाचार्य, राम खिलाड़ी थानेदार,अग्नि वेश मंगल, शाईन अग्रवाल, राजकुमार शर्मा पत्रकार, प्रमोद मुद्गल पत्रकार, राजूलाल अजर, सियाराम अजर, हरि ओम मंगल, रामदास तरुण अध्यक्ष, हरीदास तरुण, रोहित मंगल पार्षद, अजय सिंह,पप्पू ठेकेदार, अतिराम सैमल प्रधानाचार्य आदि शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

# स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर S.K.M पब्लिक स्कूल में धूमधाम से हुआ कार्यक्रम



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट बाड़ी उपखंड के S. K. M. पब्लिक स्कूल बाड़ी में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य, भाषण , नाटक आयोजन, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रंगोली, देश भक्ति गीत, वंदे मातरम उत्सव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।
विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्र शेखर पचौरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा छात्रों को टी-शर्ट व शील्ड देकर पुरस्कृत किया। विशेष कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य चंद्र शेखर पचौरी ,ऋषभ वर्मा , आर. पी. शर्मा, समस्त अध्यापक गण व अभिभावक उपस्थित रहे।

# स्कूलों के बाद अब आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध करवाए स्मार्ट टीवी

### शिक्षा मंत्री और ऊर्जा मंत्री के आतिथ्य में हुआ कार्यक्रम

### जिला कलेक्टर की पहल पर डीआईक्यूई के बाद अब शुरू हुआ अभियान निर्माण

**चमकता राजस्थान, बीकानेर।** जिले के 1502 आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट टीवी उपलब्ध करवाने का अभियान निर्माण बुधवार को प्रारंभ हुआ। रवींद्र रंगमंच पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला तथा ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने पहले चरण में 825 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए स्मार्ट टीवी वितरित किए। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल की पहल पर भामाशाहों ने यह स्मार्ट टीवी उपलब्ध करवाए हैं। इस दौरान निर्माण पत्रिका का विमोचन किया तथा इस अभियान में सहयोग देने वाले 30 भामाशाहों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले में चलाया गया %निर्माण% अभियान इस दिशा में अहम साबित होगा। उन्होंने कहा कि बच्चे अत्याधुनिक तकनीक से शिक्षा ग्रहण करें, जिससे वे वर्तमान दौर के साथ आगे बढ़ सकें। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि बीकानेर, भामाशाहों की नगरी है। यहां के भामाशाह प्रत्येक सकारात्मक कार्य के लिए पूर्ण मनोयोग से सहयोग देते हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट टीवी उपलब्ध करवाए जाने से यहां के बच्चे खेल-खेल में बेहतरीन शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध करवाई जाने वाली विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी तथा कहा कि %निर्माण% अभियान जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में किए गए नवाचारों की श्रृंखला में बेहतर परिणाम देने वाला साबित होगा। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने अभियान की रूपरेखा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व में %डिजिटल इनीशिएटिव फॉर क्वालिटी एजुकेशन% के तहत जिले के 965 स्कूलों, मदरसा और छात्रावासों में स्मार्ट टीवी उपलब्ध करवाए गए। इन स्मार्ट टीवी के माध्यम से स्कूलों में डेढ़ लाख घंटे से अधिक अध्ययन हुए, जिससे स्कूलों में उपस्थिति और फाइनल परिणाम में सकारात्मक बदलाव आया। उन्होंने बताया कि अब %निर्माण% के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट टीवी दिए जाएंगे। टीवी के साथ पेनड्राइव में डिजिटल कंटेंट भी होगा। उन्होंने इस मुहीम में सहयोग देने वाले भामाशाहों का आभार जताया और कहा कि इस पहल से आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को सीखने के अच्छे अवसर मिलेंगे। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिकाओं और सहजन फली के पौधों के रोपण की जानकारी भी दी। इससे पहले शिक्षा मंत्री और ऊर्जा मंत्री ने %निर्माण% पत्रिका का विमोचन किया। डीआईक्यूई के परिणामों पर आधारित फिल्म प्रदर्शित की गई।



## इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना का उठाएं लाभ, क्षेत्र के शिविर में पहुंचकर लाभ लेने की अपील-होतम सिंह



चमकता राजस्थान

धौलपुर( रामदास तरुण ब्यूरो चीफ) बसेड़ी विधानसभा संभावित प्रत्याशी होतम सिंह जाटव ने बुधवार को क्षेत्र के गांव आंगई में शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया,खरौली ,सुनकई,धौर्य में शोक संवेदना व्यक्त की इसके साथ ही राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना के माध्यम से पहले चरण में 40 लाख महिलाओं को फ्री मोबाइल फोन वितरित किए जा रहे हैं। आप सभी अपने नजदीकी शिविर में जाकर इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना के माध्यम से मोबाइल प्राप्त कर लें। और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक उठाएं इसके साथ ही आंगई,रीक्षरी ,चिलाचौंद,सुनकई, बरौली, बीझौली, सरमथुरा, बसंतपुरा, ददरौनी,बड़ागांव,चांदपुरा,खरौली,रीझौनी,बीलौनी,कोनेसा,मढासिल,धौर्य सहित विभिन्न गांवों का दौरा किया और लोगों से जन सम्पर्क किया इस दौरान बसेड़ी विधानसभा संभावित प्रत्याशी होतम सिंह जाटव,वरिष्ठ पार्षद ओमवीर सिंह चौधरी, रूकमपाल सिंह जादौन, विनोद कुमार शर्मा,मुकेश कोली, सुरजीत गुर्जर, दिनेश सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भारत देश को महाशक्ति बनने के लिए हमें हर संभव योगदान देना चाहिए : गदिया



### वैज्ञानिक सोच और सनातन परम्परा को अपनाते हुए देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने का प्रयास करें- कुलपति डॉ. मिश्रा

### मेवाड़ विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया स्वाधीनता दिवस, विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित

चमकता राजस्थान

चित्तौड़गढ़(अमित कुमार चेचानी)। मेवाड़ विश्वविद्यालय में मंगलवार को में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए मेवाड़ एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष गोविंद लाल गदिया ने कहा कि इस आजादी को प्राप्त कराने में सभी वर्गों का महत्वपूर्ण योगदान रहा और उन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, तब कहीं जाकर हमें यह आजादी मिली है। इसलिए हमे अपने देश को प्रगति के पथ की ओर अग्रसर करने में अपना अहम योगदान देना चाहिए तभी भारत विश्व की महाशक्ति बन सकेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आलोक मिश्रा ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि लोकतंत्र में निहित आदर्शों और मूल्यों को अपने व्यावहारिक जीवन में अपनाएं और देश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दें। वैज्ञानिक सोच और सनातन परम्परा को अपनाते हुए देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने का प्रयास करें।

## समाजसेवी सुनील जाटव ने वैर विधानसभा में कई विद्यालयों में किया झंडारोहण



चमकता राजस्थान

वैर (राजवीर सिंह) स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023 को वैर भुसावर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया इस मौके पर सुनील जाटव, (सुहारी) समाजसेवी द्वारा भुसावर, सुहारी , करबान, कोटकी, निमली, आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय भुसावर, आर्य महिला विद्यापीठ भुसावर, माध्यमिक एवम उच्च माध्यमिक विद्यालयों में झंडारोहण कार्यक्रमों में उपस्थित रहकर झंडारोहण किया। समाजसेवी सुनील कुमार जाटव ने बताया गया कि किस तरह से हमारे शहीदों ने अपनी कुर्बानी देकर देश को स्वतंत्र करवाया, उन वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी व्यर्थ नहीं जाएगी उनकी वजह से आज हम एक स्वतंत्र जीवन व्यतीत कर रहे हैं, सुनील जाटव ने ग्रामीणों एवं बच्चों को बताया कि अब हमें शिक्षा की ओर विशेष रुप से ध्यान देना चाहिए शिक्षा से ही हमारा जीवन समरता है और हम अच्छे अच्छे पदों पर आसीन होते हैं कोई राष्ट्रपति बनता है, कोई प्रधानमंत्री बनता है, कोई मंत्री बनता है, कोई आईएएस बनता है, कोई अधिकारी बनता है, यह सब शिक्षा की देन है इसलिए दो रोटी कम खा लेना लेकिन शिक्षा जरूर प्राप्त करना, शिक्षा वह शेरनी का दूध है जिसको जो जितना पिएगा उतना ही दहाड़ेगा।इस मौके पर सुनील जाटव द्वारा 11000 बालक एवं बालिकाओं को मिठाई वितरण का कार्य किया गया।

## आमजन को राहत प्रदान करना सरकार का मुख्य उद्देश्य

**चमकता राजस्थान, जयपुर।**



ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने बुधवार प्रातः अपने आवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में आमजन ने समस्याओं के निराकरण के लिए मंत्री को परिवेदनाएं दी। मंत्री भाटी ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के समयबद्ध समाधान सरकार और इनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही कोलायत विधानसभा क्षेत्र की पहचान विकसित विधानसभा के रूप में बने, इसके लिए भी सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, उच्च शिक्षा, सड़क, चिकित्सा सेवा, पानी- बिजली के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। इस दौरान ऊर्जा मंत्री को पानी-बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा विभिन्न मांगों के लिए ज्ञापन दिये। उन्होंने दूरभाष पर संबंधित अधिकारियों समस्या समाधान के लिए चर्चा की। उन्होंने प्रत्येक बिंदु पर नियमसम्मत कार्यवाही के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता राजेन्द्र सिंह मीना उपस्थित थे। डाइट के साथ तेरह विद्यालयों को मिलेंगे कक्षा-कक्ष बीकानेर, 16 अगस्त। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने स्वाधीनता दिवस पर शहर के 14 शिक्षण संस्थानों को कक्षा-कक्षों की सौगात दी। उन्होंने तीन विद्यालयों में 55 लाख 72 हजार के मरम्मत एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। वहीं दस उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं डाईट में 3 करोड़ 19 लाख की लागत से बनने वाले कक्षा - कक्षों के निर्माण कार्यों का मंगलवार को राजकीय भट्ठड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगाशहर में वर्चुअल शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में डॉ कल्ला ने आजादी के आंदोलन के बारे में बताया और देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले शहीदों का स्मरण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से पाठ्य पुस्तकों के साथ शैक्षणेत्तर गतिविधियों में भागीदारी निभाने की अपील की। डॉ कल्ला ने राजकीय भट्ठड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय में वाणिज्य विषय शुरू करने की घोषणा की तथा कहा कि भूगोल, गृह विज्ञान और कंप्यूटर साइंस शुरू करवाने की कार्यवाही जल्दी ही की जाएगी। विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## पूर्व राशन डीलर चयन समिति अध्यक्ष ने किया झंडारोहण



चमकता राजस्थान

भुसावर (राजवीर सिंह) उपखण्ड के गांव निठार में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर पूर्व राशन डीलर चयन समिति अध्यक्ष एवं बीजेपी नेता जगदीश मीणा ने निठार एवं माईदपुर की राशन की उचित मूल्य की दुकानों पर झंडारोहण किया। इस मौके पर भारत देश में आजादी देने वाले अमर शहीदों को याद कर उनकी वीरता पर प्रकाश डाला गाया। इस मौके पर रामूलाल, सीताराम, घमंडीलाल, धर्मसिंह, रामसिंह, अजय, कल्लाराम, विजय, हेतराम खेमराज मीणा, एवं बीजेपी बल्लभगढ़ मंडल अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## शहीद चिरंजीलाल मीणा स्मारक पर पुष्प अर्पित कर मनाया स्वतंत्रता दिवस



चमकता राजस्थान

वैर (राजवीर सिंह) हलैना स्थित गांव नसवारा में शहीद चिरंजीलाल मीना के शहीद स्मारक पर 15 अगस्त को 77 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर पुष्प अर्पित कर झंडारोहण किया। जिसमें उनके 5 दिन के पोते एवं अजय मीना के बेटे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। गांव नसवारा के युवा मंडल सहित गांव के बुजुर्ग भी शामिल हुए। जिसमें भीमसिंह गुर्जर, लच्छी राम, खेम सिंह,वासु मीणा नसवारा, अजय मीणा, महिपाल, जीतू, सत्यपाल, जीतेंद्र, प्रधान, सत्येंद्र सिंह, मनीष, विक्रम, रोहित सहित ग्राम पंचायत पाली के अनेकों सदस्य उपस्थित रहे द्य

## बीजेपी शहर मंडल वैर ने कार्यालय पर 77 वा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया



चमकता राजस्थान

वैर (राजवीर सिंह) भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल वैर कार्यलय पर ध्वजारोहण करते हुए 77 वें स्वतंत्रता दिवस स्थान पुरानी अनाज मंडी लाल चौक वैर मंडल अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के नेतव्य मे मनाया। पूर्व मंडल अध्यक्ष बल्लाराम धाकड़,तेजा राम जाटव,ने ध्वजा रोहण किया राष्ट्गान सामूहिक रूप से किया जिसमे भाजपा शहर मंडल वैर के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे,सभी कस्वा वैरवासियों को भाजपा शहर मंडल वैर की तरफ से सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ और देश की आज़ादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को सादर नमन व आत्मिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## देश मेरा रंगीला ... सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से देशभक्ति के रंग में रंगा कार्यक्रम

चमकता राजस्थान

विश्वविद्यालय के बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थी उमर गुल और बीएससी मैथ्स के विद्यार्थी अरेंद्र तौमर ने सारगर्भित भाषण और कविताओं के माध्यम देश को आजादी दिलाने वाले दीवानों की यादें ताजा कर दी। इसके अलावा पायल एंड ग्रुप, नवजोत कौर आदि विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत 'चक दे इंडिया, ऐ मेरे वतन के लोगों, देश मेरा रंगीला आदि गानों पर रंगारंग प्रस्तुतियां दी और माहौल को देश भक्ति के रंग में रंग दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा परेड निकाली गई। मेवाड़ स्कूल ऑफ नर्सिंग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष महावीर बेरागी, शोयब खॉन कायम खानी, रवि कुमार और शाहबाज खान का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य राधाकिशन गदिया, ओएसडी एच. विधानी, रजिस्ट्रार डॉ. आर, राजा, प्लेसमेंट सेल निदेशक हरीश गुरनानी, आर्ट, कल्चर व म्यूजियम की महानिदेशिका डॉ. चित्रलेखा सिंह और डिप्टी रजिस्ट्रार दीप्ति शास्त्री सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, फैकल्टी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## तिरंगामय बना मेवाड़ विश्वविद्यालय

आजादी के इस महोत्सव स्वाधीनता दिवस पर मेवाड़ विश्वविद्यालय को पूरी तरह से तिरंगे के रूप में आकर्षक ढंग से सजाया गया। इस आकर्षक सज्जा में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के प्रांगण को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे तिरंगे के रंग में रंग गया हो। विश्वविद्यालय में स्थित स्वतंत्रता संग्राम म्यूजियम पर अंकित विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों को श्रद्धांजलि देते हुए वहां की दीवारों को तिरंगे के साथ बेहद खूबसूरत तरीके से दिखाया गया।


## ग्राम पंचायत तिहारी, पंचायत समिति श्रीनगर

क्रमांकः–ग्रा.पं.श्री / महानरेगा / निविदा / 2023–24 / 64 दिनांक :- 14-08-2023

ई– निविदा सूचना संख्या 01 / 2023–24

ग्राम पंचायत श्रीनगर वित्तिय वर्ष 2023–24 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण–कार्यो के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा / दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में **दिनांक 14.08.2023 को साय 05:00 बजे से दिनांक 24.08.2023 को सायः 06:00 बजे तक** ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB NO:- ZAJ2324A0422

UBN NO:- ZAJ2324GLOB00425

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत तिहारी**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत तिहारी**



## ग्राम पंचायत तिहारी, पंचायत समिति श्रीनगर

क्रमांकः–ग्रा.पं.श्री / महानरेगा / निविदा / 2023–24 / 64 दिनांक :- 14-08-2023

ई– निविदा सूचना संख्या 01 / 2023–24

ग्राम पंचायत श्रीनगर वित्तिय वर्ष 2023–24 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण–कार्यो के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा / दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में **दिनांक 14.08.2023 को साय 05:00 बजे से दिनांक 24.08.2023 को सायः 06:00 बजे तक** ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB NO:- ZAJ2324A0422

UBN NO:- ZAJ2324GLOB00425

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत तिहारी**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत तिहारी**


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवम 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली न.6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादकः अभय सिंह चौहान, मोबाइलः 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)